Sir, I can understand the Leftists opposing this because, unfortunately, they would bow their heads before the photographs of people who do not belong to our country. I do not care.

SHRI MOINUL HASSAN: I do not agree with this. This is absolutely a blame. It is not related to the subject.

SHRI SANTOSH BAGRODIA: I am not blaming. Do you not promote Marxism? Do you not have Stalinism? Do you not follow Maoism? They do not belong to this country. You may say that you do not belong to it, it is fair enough. You say CPI (Marxism). What does it mean? Anyway, I can understand their allergy to the U.S. But I cannot understand why BJP has allergy with the U.S. Why did they oppose? There is no logic for them to oppose when the nuclear deal was being passed. This is what is worrying me even today, despite the Bill having been passed.

Sir, with this, I only quickly give a few suggestions. I have already mentioned those in my earlier comments. I request the hon. Minister to have a

single window clearance, after clearance from environment, after making agreement for land, etc., if possible. Then, the projects would go faster. Similarly, about coal mines, the Minister is here, if it can happen, the projects will be much faster.

There are a number of points which we can raise. Sir, just in honour of the Minister, I must mention that in every Plan we are targeting for more and more. The last Plan achievement was better than any other Plan.

(Contd. by kls/2r)

SCH/KLS/2R-3.20

SHRI SANTOSH BAGRODIA (CONTD): This credit I will give. But my only worry is that it was not as good as we wanted. Sir, in one Plan only proposed addition was higher than the total of the last of the Plan taken together. So, I congratulate the hon. Minister and I hope that in the coming Plan, we will be able to achieve what we are going to plan. Let there be no excuses. The country does not need excuses, the country wants achievements. Thank you, Sir.

(Ends)

श्री भगत सिंह कोश्यारी (उत्तराखंड): माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आपने मुझे बिजली विभाग की वर्किंग पर बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं अपने दोनों पूर्ववक्ताओं को सुन रहा था। अगर मैं पहले बोलता, तो शायद बहुत सी वही बातें बोलता, जो वे बोले, इसलिए मैं प्रयास करूंगा कि जो बातें वे कह चुके हैं, मैं उन बातों को न दोहराऊं। हमारे देश के अन्दर आज बिजली की जो स्थिति है, आज सुबह मैं देख रहा था, विद्युत मंत्री जी यहीं पर थे और कम से कम आधा दर्जन बार बिजली ने काफी आंख-मिचौनी

की। शायद वह इस बात को बताने जा रहे थे कि अगर संसद में इन सब चीज़ों की हालत सही नहीं है, लोक सभा और राज्य सभा में सही नहीं है, तो बेचारी ग्राम सभा का क्या हाल होता होगा? थोड़ा सा ही सही, लेकिन सुबह यही संकेत बिजली यहां पर दे रही थी।

मान्यवर, यह एक इतना महत्वपूर्ण विषय है, मुझे अभी रहीम जी का एक दोहा याद आ रहा था, उन्होंने कहा है, "रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून"। आजकल पानी तो आप बिस्लरी या एक्वा की बोतल में ले करके जेब में रख सकते हैं और अपना काम चला सकते हैं, लेकिन बिजली को तो आप अपने जेब में भी नहीं रख सकते। इसे तो आपको पावर हाउस में ही पैदा करना होगा और पावर हाउस से ले करके आपको घर-घर तक पहुंचाना होगा। यह समाज के लिए बहुत अधिक आवश्यक चीज़ है। हम लोगों ने इसके लिए जो लक्ष्य रखा है, अभी मैं उसी को देख्ा रहा था। इस देश के अन्दर बिजली की हमारी कुल स्थापित क्षमता लगभग 1,56,783 मैगावाट है। अभी तक इसमें से ज्यादातर बिजली, यानी 1,00,000 मैगावाट से अधिक बिजली हमें थर्मल पावर से ही मिलती है। हाइड्रोपावर से मिलने वाली बिजली का प्रोडक्शन कुल मिलाकरके 36,885 मैगावाट है, न्यूक्लियर पावर से मिलने वाली बिजली का प्रोडक्शन लगभग 4,120 मैगावाट एवं अन्य स्रोतों से कुल मिलाकर 15,000 मैगावाट के आसपास बिजली मिलती है।

इसके साथ ही अभी मैं अन्य देशों के बारे में भी देख रहा था। मैं हिन्दुस्तान का कम्पैरिज़न चाइना से कर रहा था, चाइना हमारा पड़ोसी देश है। अगर अपने देश के अन्दर मैं आपको केवल उत्तरांचल, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश या जम्मू कश्मीर के बारे में बताऊं, मैदानी भाग की बात मैं छोड़ भी दूं, तो केवल इन चार प्रदेशों से ही आपको 1,00,000 मैगावाट से ऊपर हाइड्रोपावर से बिजली मिल सकती है। इन प्रदेशों में इतनी अधिक संभावनाएं हैं। लेकिन आज आजादी के 63 साल के बाद भी स्थिति यह है कि हम हाइड्रोपावर पोटेंशियल से केवल 36,000 या 37,000 मैगावाट ही बिजली उत्पन्न कर पाते हैं। हमारे बगल में ही चाइना है और वह हाइड्रोपावर से 75,000 मैगावाट के लगभग बिजली जनरेट कर

रहा है। यह तो मैं केवल मेजर हाइड्रोपावर जनरेटर्स की बात कर रहा हूं, स्मॉल हाइड्रोपावर्स की तो मैं बात ही नहीं कर रहा हूं।

(2s-psv पर जारी)

-SCH/PSV-SSS/2S/3.25

श्री भगत सिंह कोश्यारी (क्रमागत): यह मैं उनके major and mega power plants की बात कर रहा हूँ। उनके जो छोटे-छोटे small hydropower plants हैं, उनकी बात मैं नहीं कर रहा हूँ। वह आज केवल अपने major and mega power plants से अगर 75 हजार मेगावाट बिजली पैदा करता है तो वहीं हमारे यहाँ केवल 36 हजार मेगावाट ही hydropower पैदा होती है। मैं सोचता हूँ कि इसमें कहीं-न-कहीं हम लोगों की प्लानिंग में दोष है।

माननीय मंत्री जी, शायद हो सकता है कि मैं अपने बारे में बोलूँ तो वह अच्छा नहीं लगे, लेकिन मैं आपको एक उदाहरण देना चाहता हूँ। THDC का जो टिहरी प्रोजेक्ट है, उसके बारे में आप जानते हैं कि वह पिछले 30 सालों से कैसे पड़ा हुआ था। उत्तरांचल बनते ही एक साल के अन्दर न केवल उसकी rehabilitation की समस्या हल हुई, उसके tunnels भी बंद हुए। उसकी सारी समस्याएँ एक साल में कैसे हल हो गईं? उसका एक ही कारण था कि प्रदेश में हम लोग थे तो केन्द्र में जो सरकार थी, जैसे केन्द्र में हमारे विद्युत मंत्री हों, विद्युत राज्य मंत्री हों या स्वयं उस समय के प्रधान मंत्री और गृह मंत्री हों, सब के प्रयास से वहाँ 30 सालों से चली आ रही समस्याएँ एक साल के अन्दर ही हल हो गईं। आखिर आप कभी यह सोचते हैं कि ऐसा कैसे हो गया? माननीय मंत्री जी, मैं आपसे यह तो नहीं कहूँगा कि आप रात-रात भर मत सोइए। Don't have sleepless nights. आप तो बहुत समझदार हैं, अनुभवी भी हैं। बिना दर्द के कुछ नहीं होगा। गंगा को बंद करने जैसा पाप मोल लेना मेरे जैसे व्यक्ति के लिए शायद सरल नहीं था, लेकिन उस पर देश के 7 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए हैं, तो

जब हमने एक बार determination किया तो वह समस्या हल हो गई। मंत्री जी, मैं आपसे एक अनुरोध कर रहा हूँ। इसे आप ध्यान से सुनिए। उसका जो 3rd part है, 400 मेगावाट का कोटेश्वर का, उसमें मैंने अपने सामने सारी चीजें समय से clear करवाई थीं। उसी के साथ-साथ मैंने उत्तरांचल गवर्नमेंट के मनेरी भाली सेकंड के लिए 800 करोड़ रुपए आप ही के सेंटर से मंजूर करवाया था। आज वह 320 मेगावाट की योजना 2 सालों से चल रही है। बागड़ोदिया जी, आप इसे ध्यान से सुनिए। आप इनकी बहुत तारीफ कर रहे थे। आप इसमें 'but' बहुत लगा रहे थे। ...(व्यवधान)... वैसे आप 'but' ठीक ही लगा रहे थे। शायद एक ही पार्टी में होने के कारण उनकी तारीफ करना आपका फर्ज था। अब क्या किया जाए, वह आपकी पार्टी में हैं। यह आपकी मजबूरी थी, लेकिन विषय क्या था? आप जितने 'but' लगा रहे थे, वे 'but' ही ज्यादा सही थे, वे 'किन्तु' तथा 'परन्तु' ही ज्यादा सही थे। मंत्री जी, आप जरा अपने अधिकारियों से कहिए कि कोटेश्वर के बगल में हम मनेरी भाली सेकंड पूरी करके उससे दो सालों से बिजली पैदा कर रहे हैं और सेंट्रल गवर्नमेंट के पास इतना पैसा है, सब कुछ है फिर भी 400 मेगावाट की कोटेश्वर योजना आज तक क्यों नहीं बनी है? उसमें से कब बिजली पैदा होगी, मैं नहीं जानता। उसमें से एक हजार मेगावाट का जो सेकंड है, उसका pump storage, जो PSP का था, वह आज तक शुरू भी नहीं हुआ है। जब आपके अधिकारियों से पूछते हैं कि क्या हुआ तो वे बताते हैं कि वह कोर्ट में है, सुप्रीम कोर्ट में है। वह हिन्दुस्तान की सुप्रीम कोर्ट में ही तो है, किसी प्रीवी काउंसिल में तो नहीं है? मैं जानता हूँ कि टिहरी के मामले में हमारे हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में कितने लोग गए। They all supported us. वह एक genuine काम था, इसलिए सबों ने उसे सपोर्ट किया। लेकिन आखिर ऐसा क्या कारण है कि वहाँ अभी तक पिलर भी नहीं पड़े? इसका सीधा अर्थ यह है, मैं आपको एक particular उदाहरण दे रहा हूँ कि कहीं-न-कहीं हम लोगों की ओर से slackness है। हम यह नहीं जानते कि अगर एक बार में आप किसी योजना को एक साल पीछे करते हैं, दो साल पीछे

करते हैं या तीन साल पीछे करते हैं तो उसके पीछे होने से वह कितनी महँगी हो जाती है। एक ओर हम बिजली के लिए रोते हैं वहीं दूसरी ओर उसकी कीमत तिगुनी हो जाती है। अभी बागड़ोदिया जी कह रहे थे कि where is that monitoring? क्यों नहीं होता है ऐसा? इसका सीधा अर्थ यह है कि कहीं-न-कहीं हम सब लोगों ने ये सारा कुछ अधिकारियों पर छोड़ दिया है। मैं आपको बताता हूँ कि हम लोगों का कितना लक्ष्य था और हमने कितना पैदा किया? इस बात को बागड़ोदिया जी भी बोल रहे थे। मैं उतना ज्यादा नहीं बोलूँगा, लेकिन Eleventh Five Year Plan में आपका लक्ष्य 78 हजार 700 मेगावाट था। आपने इसे घटा कर 62 हजार 374 मेगावाट कर दिया। इसे आपने 62 हजार किया है और इन तीन वर्षों में आपने 20 हजार 682 मेगावाट ही पैदा किया है। वह 27 हजार के लगभग भी नहीं है, जो शायद एक सदस्य अभी यहाँ बोल रहे थे।

(डी0एस0/2टी पर क्रमशः)

-PSV/DS-NBR/3.30/2T

श्री भगत सिंह कोश्यारी (क्रमागत): कुल मिलाकर आपने 20682 मेगावाट पैदा किया है। अब आप घटे हुए 62374 मेगावाट में से दो सालों के अंदर 41692 मेगावाट पैदा करना चाहते हैं। मैं सोचता हूँ कि आपके पास ऐसी कोई जादू की छड़ी नहीं है कि आप इसमें 42000 मेगावाट पैदा कर लेंगे। क्योंकि जो ढंग दिखायी दे रहे हैं, मैं चाहता हूँ कि आप पैदा करें, यह अच्छी बात है। अगर आप 78000 मेगावाट पैदा कर देंगे तो मुझे बहुत अच्छा लगेगा, लेकिन आज हम सब लोग, मैंने कहा कि अगर चीन इतना अधिक कर पैदा सकता है तो हम क्यों नहीं कर सकते हैं? मैं जब टिहरी की बात करता हूँ तो पाता हूँ कि वहाँ एक लाख से भी अधिक लोगों को rehabilitate करना पड़ा और आप 22000 मेगावाट पैदा करने की बात कर रहे हैं! उनको पांच साल भी नहीं लगे और उनके यहाँ 22000 मेगावाट बिजली पैदा हो रही है और हमारे यहाँ की सारी योजनाएँ - अभी मैं अरुणाचल प्रदेश गया था, वहाँ भी वही रोना होता है। अगर हिमाचल प्रदेश जाएँ तो वहाँ भी वही रोना होता है और अगर उत्तराखंड जाएँ तो वहाँ भी इसके

लिए वही रोना होता है। मैं और विषय पर नहीं बोल रहा हूँ क्योंकि अभी मेरे साथियों को इस पर बोलना है। मैं यह बोल रहा हूँ कि हमारे पास पानी का जो renewable source है, आखिर उस पानी का भी हम लोग क्यों नही सदुपयोग कर रहे हैं? हम उसका उपयोग आखिर ठीक से क्यों नहीं करा पा रहे हैं? इसका सीधा अर्थ यह है कि उसमें कहीं न कहीं हम सब की लापरवाही है। मैं माननीय मंत्री जी यह कह सकता हूँ कि जब तक आप इस पर ठीक से ध्यान नहीं देंगे तब तक यह नहीं होगा।

मैं आपको कुछ दिखाना चाहता हूँ और अभी बागड़ोदिया जी ने बोला होगा कि आपके जो Central PSUs हैं, इस पंचवर्षीय योजना में उनका बिजली उत्पादन का लक्ष्य 35824 मेगावाट था। Right from NHPC और अन्य PSUs जो आपने बना रखे हैं, उनका लक्ष्य 35824 मेगावाट का था, जबकि तीन साल में कुल उत्पादन कितना हुआ? क्या आपको यह पता है? यह उत्पादन 5700 मेगावाट हुआ। अब आप बताइये कि आपके PSUs के ये हाल हैं! आखिर ऐसा क्यों है? क्या इनकी कोई accountability नहीं है? अगर नहीं है तो why not wind them up? आपने इन्हें क्यों बना रखा है? आपके पास 35000 मेगावाट का लक्ष्य है और उनके पास पूरे फंड हैं जबकि किसी प्राइवेट संस्था को इस काम में किसी बैंक के साथ जाना पड़ता है, आपके PFC के यहाँ उनको सिर मारना पड़ता है और फिर भी यह पूरा नहीं हो पाता है? इसलिए मैं चाहूँगा कि हमारी बिजली उत्पादन का जो लक्ष्य है, जनता के अंदर एक प्रकार से जो बिजली के लिए त्राहि-त्राहि हो रही है, इस संबंध में आप इस सदन को निश्चित रूप से कोई एक आश्वासन दें। अभी आप जो जीडीपी की बात कर रहे थे। देश की प्रगति की चाहे कोई भी बात हो, आज बिना बिजली के देश की प्रगति हो ही नहीं सकती है। आपका यह जो कोल वाला विषय है, यह बहुत कठिन है। मैं आपसे एक बार और निवेदन करना चाहता हूँ कि आप इसको ज़रा देखें। मैं यह देख रहा था कि यू.एस.ए., जिसकी आबादी हमसे एक-चौथाई है, उसका बिजली उत्पादन 4167 बिलियन किलोवाट है। चीन का बिजली उत्पादन 3256 बिलियन किलोवाट, जापान का 1195 बिलियन किलोवाट और रूस

का 1016 बिलियन किलोवाट है, जबकि भारत का उत्पादन केवल 665 बिलियन किलोवाट है। मैंने जिन देशों के नाम लिये, अगर उन सब की आबादी मिला दें तो भी वह हिन्दुस्तान की आबादी से कम होगी जबकि हमारी यह स्थिति है। आपने बहुत सुन्दर लक्ष्य रखा है। आपने बिजली के लिए राजीव गांधी मिशन और न जाने कितने मिशन्स बना रखे हैं। आपने यह तय कर रखा है कि 'Power to all by 2012'. ऐसा ही है न, मैं गलत तो नहीं बोल रहा? जबकि आज हालत यह है कि हम गांवों और घरों को, जहाँ बिजली जा रही है, वहाँ 6 घंटे भी बिजली नहीं दे सकते, जहाँ बिजली नहीं जा रही है उसको तो छोड़िए। इस देश के अंदर जो लोग इस देश के बारे में सोचते हैं और जो इन विषयों का ज्ञान रखते हैं, आखिर क्या आपने कभी उनसे कोई अनौपचारिक बातचीत की या उनसे उनके suggestions मांगे और यह तय किया कि हम किस ढंग से इस लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं या हम उस दिशा में आगे कैसे बढ़ेंगे?

इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि इस संबंध में आप जितनी जल्दी काम करेंगे और आपके जो Ultra Mega Power Projects (UMPP) चल रहे हैं, मैं नहीं जानता कि वे कब तक पूरे होंगे, लेकिन जो sure and certain है, जो आपके सामने सरल है, मैं चाहूँगा कि आप उस पर जल्दी से जल्दी कदम उठाएँ। अभी बागड़ोदिया जी tribals के बारे में बोल रहे थे। सवाल केवल tribals का नहीं है, बल्कि सवाल यह है कि आप जिसकी भी जमीन लेते हैं,

(2यू/एकेए पर क्रमशः)

Aka-usy/2u/3:35

श्री भगत सिंह कोश्यारी (**क्रमागत**) : जब आप बिजली के लिए जमीन लेते हैं तो उस समय आप कोशिश क्या करते हैं कि जिस भाव से आप जमीन सामान्य वैलफेयर स्कीम्स के लिए लेते हैं - अस्पताल, स्कूल या और अच्छे कामों के लिए लेते हैं, उसी भाव पर बिजली के लिए भी उनकी जमीन एक्वायर करते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि इस बारे में एक नेशनल पॉलिसी बननी चाहिए कि अगर कमर्शियल प्रोजेक्टस के लिए जमीन एक्वायर की जाए तो उस जमीन के दाम सामान्य वैलफेयर स्कीम्स के लिए ली गई जमीन से दुगुने, चौगुने या और भी ज्यादा

हों और वे हो सकते हैं। आपको ध्यान होगा कि टिहरी समस्या का आपको जब समाधान करना था, मेरा नया-नया स्टेट था, लेकिन मैंने 15 करोड़ रुपया बाजार खाली कराने के लिए अपने स्टेट से दिया। मुझे उनसे कुछ नहीं लेना था, लेकिन मैंने इसलिए दिया कि वह एक नेशन की समस्या थी और आज उससे नेशन को, दिल्ली को पीने के लिए पानी मिल रहा है, आपको बिजली मिल रही है, इसलिए मैंने दिया। इसलिए इस पर आपको विशेषकर विचार करना होगा।

एक अन्य चीज के बारे में मैं आपको निवेदन करना चाहूंगा कि हमारे जितने भी हाइड्रो पावर जेनरेट करने वाले हिमालयन स्टेट्स हैं, इनकी समस्या यह है कि जब लीन ऑवर्स होते हैं, लीन पीरियड होता है तो इनकी बिजली कम हो जाती है। खुद के लिए भी कठिनाई होती है, बजाए बाहर देने के। तो ऐसी जगहों पर, जहां आपको पर्यावरण की दृष्टि से भी नुकसान न हो, मेरा आपसे विनम्र निवेदन है कि इन जगहों पर, इन स्टेट्स को आपको तत्काल गैस बेसड् बिजली प्लांट देने चाहिए, सब्सिडाइज्ड रेट पर देने चाहिए, उनकी सहायता करनी चाहिए - चाहे वह असम हो, अरुणाचल हो, उत्तराखंड हो, हिमाचल हो या जम्मू-कश्मीर हो। इससे उनका मॉरेल भी ऊंचा होता रहेगा। वे आपको पानी दे रहे हैं, अपने लिए पीने का पानी छोड़कर आपको बिजली के लिए पानी दे रहे हैं। इसलिए, इस प्रकार की व्यवस्था अगर आप करेंगे तो मुझे लगता है कि इसमें आपको काफी सुविधा मिलेगी।

मैं आपसे एक और निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे यहां विशेषकर पर्यावरण की समस्या है। मैं दो-तीन बिन्दुओं पर बात करके अपनी बात समाप्त करुंगा। लेकिन अगर अकेले पर्यावरण पर आपकी योजनाएं पांच-पांच साल तक लटकी रहेंगी, तो इससे समस्या का समाधान नहीं होगा। इसलिए, मेरा कहना है कि या तो आप उनको परमानेंटली बंद कर दीजिए, छोड़ दीजिए या एक साल के अंदर आप जो भी योजना बनाते हैं, उसे टाइम बाउंड करके पूरा कीजिए। पर्यावरण मंत्रालय भी आपका है, बिजली मंत्रालय भी आपका है, एक ही सरकार है, तो एक साथ बैठकर समस्याओं का समाधान क्यों नहीं होता है। इसलिए, मेरा

कहना है कि यह जो आप पांच-पांच साल तक पर्यावरण के नाम पर योजनाओं को लटकाए रखते हैं, तो कोई न कोई टाइम बाउंड, इस तरह का कोई कार्यक्रम रखिए ताकि पर्यावरण की समस्या जल्दी से जल्दी हल हो। पर्यावरण के नाम पर यदि आपने पहाड़ पर या आदिवासी क्षेत्रों में पानी के उपयोग को रोका और अगर हमारी योजनाएं रुकीं, तो मैं समझता हूं कि इसके कारण देश को बहुत अधिक हानि होगी। इसलिए इस पर भी तात्कालिक काम होना चाहिए।

तीसरी बात मैं आपसे रिहेबलिटेशन की समस्या के बारे में कहना चाहता हूं। जब आपका पोंग बांध बन रहा था, उसका लाभ राजस्थान को मिलना था। तो पोंग से जो लोग रिहेबिलेट होने थे, जो लोग डिस्प्लेस हो गए, उनके लिए राजस्थान में जमीन दी गई है और वे लोग आज भी वहां पर प्रसन्न हैं। जहां-जहां पर भी हमारी पानी की योजनाएं बन रही हैं, उनके रिहेबलिटेशन के लिए, योजना शुरु करने से पहले अगर आप जमीन एक्वायर नहीं करेंगे तो मैं समझता हूं कि आपका जो लक्ष्य है, आप चाहे कितना ही बड़ा लक्ष्य रखें, वह लक्ष्य पूरा होने वाला नहीं है। इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि जो स्टेट्स हाइड्रो पावर से लाभान्वित होने वाले हैं, मैं केवल हाइड्रो पावर ही नहीं कहता हूं, अभी उत्तर प्रदेश में तापीय बिजली का मामला था, प्राइवेट बिजली कम्पनी के बीच में कितना झगड़ा हो गया, सारी योजना खत्म हो गई। तो इस तरह से योजनाओं को पोलिटिकल बनाकर खत्म करने की जगह पर, मैं चाहता हूं कि एक ऐसी योजना आप सारे प्रदेशों के मंत्रियों और मुख्य मंत्रियों से मिलकर बनाएं कि जो भी स्टेट्स इस हाइड्रो पावर से लाभान्वित होने वाले हैं, उन स्टेट्स में आप जमीन एक्वायर करिए, क्योंकि हिमाचल में जमीन आपको नहीं मिलेगी रेगुलेटिड करने के लिए, न हिमाचल में मिलेगी, न उत्तरांचल में मिलेगी, न जम्मू-कश्मीर में मिलेगी। इसलिए यह आवश्यक है कि इसको आप बिल्कुल तत्परता से और प्राथमिकता के आधार पर उन स्टेट्स में, जहां उनको लाभ होने वाला है, वहां उसके लिए जमीन का प्रबंध कराएं।

('2w/nb' पर जारी)

NB/2W/3.40

श्री भगत सिंह कोश्यारी (**क्रमागत**) : मैं समझता हूं कि आपके जो Transmission & Distribution losses हैं, वे भी कम होने चाहिए। आपने ARDP वगैरह योजनाएं शुरू की हैं, लेकिन उनकी प्रगति संतोषजनक नहीं है। अगर आपके line losses and distribution losses ही 34% से अधिक हों, तो यह बहुत अच्छा दृश्य नहीं है। यदि इसको जल्दी से जल्दी सुधारा नहीं गया, तो ठीक नहीं होगा। मैं समझता हूं कि इसमें जितनी भी pilferage है, जितना भी नुकसान हो रहा है, उसको कम करने की कोशिश करनी चाहिए।

अभी हमारे माननीय सदस्य आपके विभाग की बहुत तारीफ कर रहे थे, लेकिन दिक्कत यह है कि आपके विभाग वालों से यदि पूछा जाए कि योजना पूरी करने के लिए कितना पैसा चाहिए, तो वे कहते हैं कि 10 लाख करोड़ रुपए चाहिए और पूछिए कि आपके पास अभी कितना पैसा है, तो वे कहते हैं कि सब कर्ज़ा वगैरह मिलाकर 6 लाख करोड़ रुपए का इंतजाम हुआ है। आप पूछिए कि जब 3 साल के बाद भी केवल 6 लाख करोड़ रुपए का इंतजाम हुआ है, तो बाकी के 4 लाख करोड़ रुपए आप कहां से लाएंगे? सबसे बड़ी बात यह है कि यदि आपको कहीं से रुपया मिल भी गया, जब आपके अंदर वह willpower नहीं है, तो वह काम कैसे होगा? वैसे तो आप Power Minister हैं, आपकी willpower ठीक ही होगी, लेकिन मुझे ऐसा लग रहा है कि वह willpower कम है। मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि बिना willpower के जो आपकी Power Ministry है, मैं समझता हूं कि It will be just powerless. आप तो हमारे बहुत ही सुलझे हुए और अच्छे मंत्री हैं, इसलिए कम से कम आप ऐसा उदाहरण प्रस्तुत कीजिए कि आने वाले 2 सालों में आप यह कहें कि UPA-I was not UPA-I; UPA-II is UPA-I in the matter of power. अगर आप यह कह सकेंगे, तो मैं समझता हूं कि बहुत लाभ होगा। बहुत-बहुत धन्यवाद।

(समाप्त)

श्री गंगा चरण (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष जी, आपने मुझे इस बिल पर अपने विचार रखने का मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद। आज देश के विकास के लिए ऊर्जा की बहुत जरूरत है, क्योंकि बगैर ऊर्जा के, बगैर पावर के हम 21वीं सदी में नहीं पहुंच सकते हैं, लेकिन हमारी सरकार ने विद्युत उत्पादन का जो लक्ष्य रखा है, उसको वह पूरा नहीं कर पा रही है। न्यूक्लियर बिल पास हुआ, लेकिन पिछले 2 सालों में उसमें कोई प्रगति नहीं दिखाई दे रही है। मैं मंत्री जी का ध्यान खास तौर से उत्तर प्रदेश की ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा विद्युत का उत्पादन होता है। वहां NTPC और NHPC द्वारा 9,172 मैगावाट बिजली बनाई जाती है तथा उसके बदले में उत्तर प्रदेश सरकार को 3,580 मैगावाट बिजली सप्लाई की जाती है। हमें 6,000 मैगावाट से ज्यादा बिजली की आवश्यकता है, क्योंकि उत्तर प्रदेश, देश का सबसे बड़ा प्रांत है और यहां औद्योगिक विकास की अत्यंत आवश्यकता है। यहां के किसानों को बिजली की आवश्यकता है, व्यापारियों को बिजली की आवश्यकता है। आप देश का विकास चाहते हैं और उत्तर प्रदेश का विनाश चाहते हैं, यह कैसे संभव है? उत्तर प्रदेश, देश का सबसे बड़ा प्रांत है। हमारे द्वारा उत्पादित बिजली आप दूसरे प्रांतों को देते हैं और फिर उन प्रांतों से हम महंगे दामों पर बिजली खरीदते हैं। उत्तर प्रदेश द्वारा जो बिजली का उत्पादन होता है, उसमें से आप दिल्ली को 2,000 मैगावाट, पंजाब को 900 मैगावाट, राजस्थान को 900 मैगावाट, हरियाणा को 600 मैगावाट, जम्मू-कश्मीर को 600 मैगावाट, हिमाचल प्रदेश को 270 मैगावाट, उत्तराखंड को 415 मैगावाट और रेलवे को 100 मैगावाट बिजली देते हैं।

(2X/VNK पर क्रमशः)

-NB/VNK-PB/2x/03:45

श्री गंगा चरण (क्रमागत): यह सबसे बड़ी विडंबना है और फिर हम जम्मू और कश्मीर से, हिमाचल प्रदेश से महंगे दामों पर बिजली खरीदते हैं। हमें अपनी ही बिजली को प्रदेश में

उपभोग के लिए दूसरे प्रांतों से खरीदनी पड़ती है। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि इसका क्या कारण है, क्या आप उत्तर प्रदेश का औद्योगिक विकास नहीं चाहते हैं, क्या आपको उत्तर प्रदेश की किसानों की चिंता नहीं है? आप उत्तर प्रदेश को टारगेट बनाए हुए हैं कि उत्तर प्रदेश को जीतना है, तो आप उत्तर प्रदेश को ऐसे ही जीतना चाहते हैं कि वहां के लोगों को बिजली नहीं देंगे। जब वहां के लोगों को बिजली नहीं मिलेगी, तो पानी भी नहीं मिलेगा। वहां के उद्योग तबाह हो जाएंगे, कृषि क्षेत्र तबाह हो जाएगा और किसान भुखमरी के कगार पर पहुंच जाएगा। इस तरह आप उत्तर प्रदेश को जीतना चाहते हैं?

आपका लक्ष्य उत्तर प्रदेश में political power gain करने का है, वहां electric power बढ़ाने की नहीं है। चूंकि वहां दलित की बेटी कुर्सी पर बैठी हुई है, इसलिए आपका पूरा लक्ष्य है कि उस दलित की बेटी को कैसे हटाएं। यह आपकी पीड़ा है। मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूँ कि कांग्रेस ने आपको पावर मंत्री बनाकर आपको भी powerless कर दिया है। आपको मुख्य मंत्री की कुर्सी से हटा दिया है और पावर मंत्री बना दिया है ..(व्यवधान).. आप दलित का एजेंडा छोड़ दीजिए कि हम दलित के हितैषी हैं। दलितों के साथ अन्याय करना छोड़ दीजिए ..(व्यवधान).. आपने नहीं दिया है। दलित की बेटी ने झोपड़ी में पैदा होकर अपनी मेहनत से पावर लिया है। किसी के रहमोकरम पर पावर नहीं लिया है। गरीबों की कृपा से पावर लिया है।

श्री रुद्रनारायण पाणिः 96 के विधान सभा चुनाव में समझौता हुआ था।

श्री गंगा चरणः आप विपक्ष में बैठे हैं, आप क्यों परेशान हो रहे हैं। मैं सत्ता पक्ष की बात कर रहा हूँ। महोदय, हमारा कहना है कि देश में जो आतंकवाद, उग्रवाद, नक्सलवाद, माओवाद बढ़ रहा है, इसका भी सबसे बड़ा कारण यह है कि आप दलितों के साथ अन्याय कर रहे हैं। दलितों को सत्ता से वंचित करने का षडयंत्र रच रहे हैं और जब आप दलितों को सत्ता से वंचित करने का षडयंत्र रचेंगे, तो गरीब आदमी सत्ता के लिए हथियार उठाएंगे। आप कितने षडयंत्र रच रहे हैं, बिजली नहीं दे रहे हैं, सड़कों के लिए पैसा नहीं दे रहे हैं, इनकम टैक्स के

छापे डाल रहे हैं, आय से अधिक के मुकदमे थोपे जा रहे हैं, ये सारे अत्याचार आप दलितों के ऊपर और पिछड़ों के ऊपर ही करेंगे।

महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूँ कि उत्तर प्रदेश के साथ अन्याय करना बंद कीजिए। उत्तर प्रदेश के साथ भेदभाव करना बंद कीजिए, वरना उत्तर प्रदेश की जनता आने वाली विधान सभा चुनाव में आपको सबक सिखा देगी। अभी आप दो दर्जन आए हैं, फिर एक दर्जन पर आ जाएंगे।

महोदय, बिजली मनुष्य के लिए प्राण तत्व है। आप कहते हैं कि हम देश को 21वीं सदी में ले जाना चाहते हैं, अमेरिका, चीन और यूरोप का मुकाबला करना चाहते हैं। क्या आप बगैर राज्य का विकास किए देश का विकास कर सकते हैं? मैं आपको आंकड़े देना चाहता हूँ कि जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार नहीं है, वहीं आप बिजली की कटौती कर रहे हैं। चण्डीगढ में 1446 मेगावाट बिजली की डिमाण्ड है और आप वहां 1446 मेगावाट बिजली देते हैं। दिल्ली में 22439 मेगावाट बिजली की डिमाण्ड है और आप वहां 22301 मेगावाट बिजली देते हैं।

(2y/MP पर क्रमशः)

MP/2Y/3.50

श्री गंगा चरण (**क्रमागत**) : हरियाणा की जो 29 हज़ार मेगावॉट की डिमांड है, वहां आप 25 हज़ार मेगावॉट बिजली की सप्लाई देते हैं, लेकिन यू.पी. की डिमांड जो 62 हज़ार मेगावॉट है, वहां आप 3380 मेगावॉट बिजली देते हैं। आप राजस्थान में पर्याप्त बिजली दे रहे हैं, लेकिन मध्य प्रदेश में, जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, वहां आप बिजली में कटौती कर रहे हैं - 41 हज़ार मेगावॉट की जरूरत है, आप 3500 मेगावॉट बिजली दे रहे हैं। बिहार में, जहां आपकी सरकार नहीं है, वहां 9 हज़ार मेगावॉट की जरूरत है, आप 7 हज़ार मेगावॉट बिजली दे रहे हैं। क्या यह नाइंसाफी नहीं है? आप कह रहे हैं कि हम देश को इक्कीसवीं सदी में ले जाना चाहते हैं। आपने शपथ ली थी कि हम बगैर किसी भेदभाव के काम करेंगे, तो क्या यह भेदभावपूर्ण काम नहीं है?

आपने जो मेगा न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट लगाने की बात की थी, उसमें हमारी मुख्य मंत्री, बहन मायावती जी ने मांग की थी कि बुंदेलखंड में एक मेगा पावर प्रोजेक्ट लगाया जाए, न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट लगाया जाए। हम उसके लिए फ्री में ज़मीन देंगे, फ्री में पानी देंगे, फिर भी आपने यह प्रोजेक्ट यू.पी. को नहीं दिय। क्या यह यू.पी. के साथ नाइंसाफी नहीं है? आज माननीय सदस्यों को इस बारे में विचार करना पड़ेगा कि जो गैर-कांग्रेस शासित राज्य हैं, केंद्र सरकार उनके साथ भेदभाव कर रही है, चाहे वह पश्चिमी बंगाल हो, चाहे मध्य प्रदेश हो, चाहे छत्तीसगढ़ हो या उत्तर प्रदेश हो, इस तरह की भेदभावपूर्ण नीति से देश आगे नहीं बढ़ सकता है और मुझे लगता है कि आपका 2000... हमारे कोश्यारी जी कह रहे थे ....(समय की घंटी)... कि सबको हम बिजली देंगे। आपका लक्ष्य सबको बिजली देने का नहीं है, बल्कि इन राज्यों पर कब्ज़ा करने का है। आपकी निगाहें, जो आज गैर-कांग्रेसी राज्य हैं, उनकी कुर्सी पर लगी हुई हैं।

उपसभाध्यक्ष (श्री तारिक अनवर) : समाप्त कीजिए, आपका समय हो गया है।

श्री गंगा चरण : समय कैसे हो गया?

उपसभाध्यक्ष : आपका दस मिनट का समय था।

श्री गंगा चरण : कितने मिनट था?

उपसभाध्यक्ष : दस मिनट।

श्री गंगा चरण : दस मिनट नहीं, हमारा समय बाईस मिनट था।

उपसभाध्यक्ष : दस मिनट हो गए हैं। हम देखकर बता रहे हैं। आपका दस मिनट का allotment था, अब आप खत्म करें।

श्री गंगा चरण : सर, पार्लियामेंट की बिजली जा रही है।

उपसभाध्यक्ष : जल्दी खत्म करें।

श्री गंगा चरण : जब पार्लियामेंट की बिजली जा रही है, तो देश की बिजली का क्या हाल होगा? तो आज मैं अपने पावर मंत्री जी से यही कहूंगा कि पावर का डिस्ट्रिब्यूशन सही ढंग से

करें, भेदभावपूर्ण न करें और उत्तर प्रदेश को, जितनी डिमांड है, उस हिसाब से पर्याप्त बिजली दी जाए।

सर, ये बिजली में कटौती कर रहे हैं और आप समय में कटौती कर रहे हैं।

उपसभाध्यक्ष : मैंने कोई कटौती नहीं की है। आपके दस मिनट थे।

श्री गंगा चरण : नहीं सर, हमारी पार्टी को 22 मिनट allotted थे, फिर भी आपने समय दिया, धन्यवाद।

(समाप्त)

उपसभाध्यक्ष (श्री तारिक अनवर) : श्री वीर पाल सिंह यादव, बोलिए। आपके भी दस मिनट हैं।

श्री वीर पाल सिंह यादव (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, बिजली विभाग की इस चर्चा में आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद। महोदय, मैं उत्तर प्रदेश से आता हूं। बिजली की आवश्यकता पूरे देश को और सभी वर्गों को है। बगैर बिजली के हिंदुस्तान ठप सा हो जाता है। किसी भी क्षेत्र को ले लें, चाहे उद्योग का क्षेत्र हो, चाहे खेती का क्षेत्र हो, बिजली के बगैर कुछ भी नहीं है। जिस प्रदेश में कम बिजली की उम्मीद होती है, वहां लोग उद्योग लगाने बंद कर देते हैं। जहां बिजली की कमी होती है, वह प्रदेश उद्योग विहीन हो जाता है। अब तक जो पंचवर्षीय योजनाएं बनी हैं, अभी हमारे साथी बोल रहे थे कि जब-जब इधर वालों की सरकार नहीं होती है, तो हर तरह का विकास ठप होता है और जब-जब सरकार आती है, तो बहुत ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है।

(2Z/SC पर क्रमशः)

-mp/sc/3.55/2z

श्री वीर पाल सिंह यादव (क्रमागत) : आजादी के बाद 10 पंचवर्षीय योजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 11वीं चल रही है। अधिकतर पंचवर्षीय योजनाएं आपके ही पास में रहीं। विद्युत के मामले

में हम लोग अब तक कितनी पूर्ति कर पाए हैं, यह भी सबके सामने है। हम लोग योजना बनाते रहते हैं। राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना बनी। पूरे देश में उसकी बड़ी तारीफ हुई - खासकर उन इलाकों में जहां बिजली देखने को नहीं मिलती थी। गांव के सुदूर इलाके जो थे, जहां गरीब रहते थे, किसान रहते थे, दलित रहते थे - लोगों को यह उम्मीद हुई कि ऐसी जगहों पर राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के नाम पर उनके यहां भी तार लग जाएगा और रोशनी हो जाएगी। उन्हें केवल रोशनी की जरूरत थी और खेत में काम करने के लिए पानी की जरूरत को पूरा करने के लिए बिजली की जरूरत पड़ती थी। इस योजना के शुरू होने के बाद जो आंकड़े आए, उसमें गांवों का विद्युतीकरण होना दर्शाया गया। गांव में, देहात में - जो लोग ग्राम से ताल्लुक रखते हैं, वे लोग जानते होंगे कि जो ग्राम सभा होती है, उसमें कम से कम चार-छः मझरे होते हैं, छोटे-छोटे होते हैं। वे ग्राम सभा के नाम से नहीं होते, कोई गोटिया के नाम से और कोई किसी और नाम से होते हैं। अधिकतर उन मझरों में दलितों की बस्ती होती है, पिछड़ों की होती है, गरीबों की होती है। वे गांव के सुदूर इलाके में अलग बसा दिए जाते हैं। उनमें तार नहीं लगा है। जो मझरे हैं, उनमें तार नहीं लगा है। ग्राम सभाओं में जो बड़ी ग्राम सभाए हैं, उनमें विद्युतीकरण हो गया है, यह रिपोर्ट आ गयी है कि इस गांव का पूरा विद्युतीकरण हो गया है। मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहूंगा कि जब ग्राम सभा का विद्युतीकरण हो, या जो रिपोर्ट ग्राम सभा के विद्युतीकरण के संपूर्ण होने की आए, तो यह जरूर सुनिश्चित करवाएं कि क्या उस गांव के समस्त मझरे जो हैं, उनका विद्युतीकरण हो गया है? वरना आपकी जो योजनाएं हैं, जो आपका लक्ष्य है, जो आपकी मंशा है - गरीबों को उजाले में बिठाने की, उनके यहां पर भी तार पहुंचाने की, दलितों और पिछड़ों को बिजली देने की, वह अधूरी रह जाएगी। अगर गांव के सभी मझरों में बिजली के तार नहीं जाएंगे तो राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना का मकसद पूरा नहीं होगा। एक तो मेरा मंत्री जी से यह कहना था। दूसरा, यह सही है कि विद्युत मंत्रालय इस समय देश के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण, सबसे ज्यादा जरूरी मंत्रालय हो गया है। एक मिनट भी आदमी बिजली के बिना

नहीं रह सकता। जैसे आज जब यहां चर्चा हो रही है और दो-तीन बार बिजली चली गयी तो बड़ी अकुलाहट लोगों में हुई। चाहे आदमी दफ्तर में बैठा हो, चाहे गांव में घर में बैठा हो। पहले हम लोगों पर इतनी मौसम की मार भी नहीं पड़ती थी, न ही इतने A.C. थे। आज पहले से बहुत ज्यादा फैक्टरियां हो गयी हैं। खेती में किसान के लिए डीज़ल महंगा हो गया है। उसे पानी की जरूरत होती है। अगर बिजली नहीं होगी तो किसान खेती नहीं कर पाएगा। अब गांव में भी टीवी और पंखा चलाने के लिए बिजली की जरूरत पड़ती है। शहर में पहले से ही बिजली की बहुत जरूरत थी, अब वह और ज्यादा हो गयी है। बगैर बिजली के मनुष्य का जीवन अब एक मिनट भी नहीं चल सकता। ऐसे में विद्युत मंत्रालय की जिम्मेदारी ज्यादा बढ़ गयी है। अब विद्युत मंत्रालय यह कहकर अपना पीछा नहीं छुड़ा सकता कि हमारे पास कोयले की कमी हो गयी है, या हम कोयला मंत्रालय के अधीन है। कई बार ऐसा हुआ है कि जो कोयले से बिजली बनती है, उसमें केवल एक-एक दिन का कोयले का स्टॉक रह गया है, जबकि कोयले का स्टॉक कम से कम एक महीना और 6 महीने का होना चाहिए। जहां पर विद्युत परियोजना लगी है, माननीय मंत्री जी को मालूम होगा कि कई बार वहां पर केवल एक दिन का स्टॉक रह गया।

(3ए-एमसीएम पर क्रमशः)

KSK/MCM/4.00/3A & GSP/4.05/3B

श्री वीर पाल सिंह यादव (क्रमागत) : अगर आपूर्ति नहीं आएगी, रेल विभाग की वजह से नहीं आएगी तो इसमें कोई दोषी रेल विभाग को नहीं ठहराएगा, कोयला नहीं मिलेगा तो कोयला विभाग को कोई नहीं देखेगा। यह तो विभाग दूसरों पर ही आधारित है, पूरा का पूरा विभाग दूसरों के ऊपर चलता है। आपने कहीं परियोजना लगाई और वन विभाग ने एन0ओ0सी0 नहीं दी तो इस कारण परियोजना 6 महीने लटक गई। जिस तरह से महंगाई हर चीज पर बढ़ रही है, मशीनरी पर, जमीन पर, उसकी बनवाई पर अगर परियोजना 6 महीने रुक गई तो पता लगा कि जितना पैसा आपने एलौट किया था उतने पैसों में वह परियोजना नहीं हो पाएगी। इसमें वन विभाग आड़े आता है, राज्य सरकारों पर भी कोई अंकुश नहीं है। आपने विद्युत

परियोजना लगाई और राज्य सरकार जमीन एक्वॉयर नहीं कर रही है और अगर जमीन एक्वॉयर कर रही है तथा वह अच्छी जमीन है, खेती के लायक जमीन है तो किसान आंदोलन कर रहा है। तो उस वजह से भी परियोजना लटक गई। यह बात वहां कोई कहने नहीं जा रहा है, न कोयला वालों से कहने जा रहा है, न रेल वालों से कहने जा रहा है और अगर गैस नहीं मिलेगी तो गैस वालों से नहीं कहने जा रहा है, यह सारी की सारी जिम्मेदारी आपकी है, आप किस तरह से सभी विभागों से समन्वय बनाते हैं सभी विभागों को और अपने विभाग को और ज्यादा आगे बढ़ाने के लिए और जितनी मांग है देश में बिजली की, उसकी आपूर्ति हम कैसे कर पाएं, विद्युत मंत्रालय उतना उत्पादन कैसे कर पाए, यह केवल आपको सोचना है, आपके मंत्रालय को सोचना है, दूसरे मंत्रालयों से किस तरह से आप संबंध रखें और किस तरह से काम समय पर लेंगे, यह आपकी जिम्मेदारी है, इसके लिए आपको ही कुछ करना पड़ेगा।

माननीय महोदय, आपके माध्यम से मैं मंत्री जी से इतना और कहना चाहूंगा कि विशेषकर उन क्षेत्रों पर ध्यान दें जहां पर जनसंख्या अधिक है, बड़ा प्रदेश है और जहां बिजली की बड़ी भारी जरूरत है। उत्तर प्रदेश हिन्दुस्तान का आधा हिस्सा है और दिल्ली से सटा हुआ भी है। अगर उत्तर प्रदेश का विकास नहीं होगा तो देश का विकास नहीं हो सकता। उत्तर प्रदेश के विकास के लिए उसे अलग से आपको बिजली का इंतजाम करना पड़ेगा। जब माननीय मुलायम सिंह जी चीफ मिनिस्टर थे, तो एक परियोजना लगी थी, गैस पर आधारित एक संयंत्र नोएडा में लगाया था। किसी कारण से, यह राजनीति हो सकती है या कोई और कारण हो सकते हैं, वह परियोजना ठप्प हो गई। अगर वह परियोजना बन गई होती तो उत्तर प्रदेश बिजली के लिए किसी का मोहताज नहीं रहता, बल्कि उत्तर प्रदेश की स्वयं की आपूर्ति होती और वह दूसरे प्रदेशों को भी सप्लाई कर सकता था। मगर आपस की लड़ाई में वह भी राजनीति की भेंट चढ़ गया। इस तरह से वह हाथ से चला गया। उत्तर प्रदेश को गैस पर आधारित और हिन्दुस्तान में जिन-जिन चीजों से बिजली पैदा होती है चाहे हवा से हो, चाहे पानी से हो, चाहे गैस से हो, चाहे जल से हो, किसी भी चीज की हिन्दुस्तान में कमी नहीं है।

अभी कोश्यारी जी नहीं है, शायद चले गए हैं, उन्होंने कहा था कि इच्छा शक्ति की कमी है, हमारे देश में पानी की कमी नही है, हमारे देश में हवा की कमी नहीं है, मगर कहां पर और कैसे उस हवा का, पानी का, गैस का, धूप का इस्तेमाल करें, यह तो सरकार पर और विद्युत मंत्रालय पर ही निर्भर करता है, यह तो आप ही करेंगे। आप यह कह कर नहीं बच सकते कि जब से हिन्दुस्तान आजाद हुआ है तब से थोड़े समय को छोड़कर इस देश की बागडोर आपके हाथ में रही है, इसलिए आप यह कह कर नहीं बच सकते हो कि हमारी सरकार नहीं है इसलिए देश पीछे चला जाता है। पूरे समय आपकी सरकार रही है और अब तक इंतजाम नहीं कर पाए हो, इसके लिए आपको सोचना पड़ेगा और विद्युत के मामले में जरूर ध्यान देना पड़ेगा तभी देश की तरक्की होगी। बहुत-बहुत धन्यवाद।

(समाप्त)

SHRI N.R. GOVINDARAJAR (TAMIL NADU)*:

Hon'ble Vice Chairman Sir,

On behalf of my party (AIADMK), I thank you very much for giving me this opportunity, to participate in this discussion on the functioning of the Ministry of Power. During the past five years of the UPA-I Government and during the incumbent UPA-II Government, the functioning of the Ministry of power has not been satisfactory. Sir, I would like to state that it is not my intention to point out only the shortcomings of the Ministry. As far as we are concerned, the jasmine flower of the neighbour's garden also will spread its fragrance. On behalf of AIADMK, we will appreciate the good performance of the Ministry and also criticise the shortcomings of the Ministry. As we belong to the opposition benches, it is our duty to point out the shortcomings of the Ministry.

Hon'ble Vice Chairman Sir,

Our nation attained independence sixty two years ago. But even after sixty two years of Independence, we have not achieved self-sufficiency in meeting our power requirements. This is a regrettable feature. Power has

---

*English translation of the original speech in Tamil.

become an essential need now. Various sectors such as industry, agriculture, education, health, banking and commerce need power. Power cuts affect day to day life. It affects the growth of industrial sector thereby leading to economic downturn.

The incumbent Union Government contested the General Elections with the promise of giving 'Electricity to all till the end of the year 2009'. But even after occupying the office for the second term, the Government is not able to fulfil its promise. On the other hand, the power cuts have increased throughout the country. The promise has become a dream now. Even during today's sitting, we have experienced so many power cuts.

It has been announced that the Ministry of Power feels proud of two schemes - Rajeev Gandhi Grameen Vidyutikiran Yojana (RGGVY) and Accelerated Power Development and Reforms Programme(APDRP). But the implementation of these two schemes is not satisfactory. Rajeev Gandhi Grameen Vidyutikiran Yojana (RGGVY) has been formulated to provide electricity connections to 23 million people living Below Poverty Line(BPL), and aims at covering 1,25,000 villages. But, this scheme has so far provided electricity only to 4.5 million people living in 55,000 villages. What is the main reason for this unsatisfactory performance? It is mainly because of the fact that the Government stops only at formulation of new schemes, and does not pay proper attention to implementing them.

Hon'ble Vice Chairman Sir,

The Hon'ble Minister should not be angry with us for pointing out the shortcomings. Criticism has to be taken in the right perspective, irrespective of who the critic is.

The gap between the power requirements and the power generation of our country has been widening. Due to power shortage, our economy has been severely affected. In the Eleventh Five year plan, a target has been fixed to increase power generation upto 78,700 Mega Watts (MW). But, the target has now been reduced to 70,000 Mega Watts due to the delay in the establishment of new thermal power stations. Sir, we have no other choice but to criticise the unsatisfactory performance of the Ministry of Power. This has severely affected the economy of our country. This is mainly because of the slackness in the construction of new power plants, shortage of coal and the delay in obtaining the required capital of five lakh crores of rupees.

The power generation of our country has not improved satisfactorily. Hydro Electric Power stations and Thermal Power stations have achieved some progress. The private sector has performed well in power generation. Proper facility has to be given to the private sector to improve their performance.

The power generated in Hydro electric power stations of our country is estimated to be 1,50,000 Mega Watts. But, only 35,000 Mega Watts of power has been generated from Hydro electric power stations so far. Therefore, steps have to be taken to increase the power generation in Hydro electric power stations. More investments have to be made to encourage research and development activities in Public Sector Units such as

National Thermal Power Corporation Limited (NTPC) and Bharat Heavy Electricals Limited (BHEL).

Except for a few states, many states have been affected by power shortage. The power cuts in Tamil Nadu exceed those in other states. This has severely affected the industrial sector of Tamil Nadu. During the tenure of our esteemed leader Dr. Puratchi Thalaivi Jayalalitha, Tamil Nadu had surplus power generation to the extent that we were able to help our neighbouring states. But now, Tamil Nadu is in darkness.

Industrial units are severely affected and they are unable to fulfil their export orders. Many power loom industries have been closed down. As a result, a large number of workers have lost their jobs. Economic depression is being felt in industrial sector. People's day to day life is affected. Various sectors such as agriculture, education, health and industry have been severely affected by power cuts. Though the State Government of Tamil Nadu has brought so many schemes to solve the problem of power shortage the Union Government has to take the responsibility of implementing its schemes. This situation prevails not only in Tamil Nadu, but also in many other states. In order to overcome this shortcoming, the Union Government has to set up many new thermal and hydro electric power plants.

Neyveli Lignite Corporation Limited has established another Power plant with the power generation capacity of 4,000 Mega Watts near Seyyarru at Kanchepuram District

in Tamil Nadu. The Union Government has to give full support for the said project. Moreover, Neyveli Lignite Corporation Limited and Tamil Nadu Electricity Board, have decicded to set up a Thermal Power Station at Tuticorin with the financial capital of 49.10 crore rupees. It will have a power generation capacity of 1000 Mega Watts. The Union Government has to render its full cooperation for this project also. The Government also has to come forward to operationalise the Koodangulam Power Project with Russian collaboration.

Hon'ble Vice Chairman Sir,

At present, Southern Grid has been functioning in isolation. But Northern Grid, Eastern Grid, Western Grid and North-Eastern Grid have been functioning in a co-ordinated way. Therefore, they share surplus power among themselves. This facility is not available to Southern Grid. Therefore, the Government has to come forward to establish a National Power Grid by including Southern Grid also.

Hon'ble Vice Chairman Sir,

Industrial growth of the country depends on power supply. If there is power shortage, industrial growth will be adversely affected. Industrial growth will enhance the economic development of the nation also. Therefore, I would like to submit that the Hon'ble Minister has to take all these points into consideration and to take necessary steps to improve power generation capacity of our country and to achieve self-sufficiency

in power generation. Thank you.

(**ENDS**)

(followed by 3c - sk)

Sk/3C/4.10

SHRI N.K. SINGH (BIHAR): Thank you, Sir. I have ten questions to ask from the hon. Minister. The first, what is called the long haul, our per capita consumption of electricity, as he must be knowing, is 700 kilowatt hour which is one-fourth of the global average of 2,400, half of China's consumption, one-twentieth of the United States' and less than most countries of Africa. Does the Minister, my first question, have any credible plan where India will reach average global benchmark for per capita consumption of electricity?

Second question, Sir, cost of power. Cost of power, as we know, which greatly hampers the competitiveness of Indian industry, cripples us, is one of the most debilitating infrastructure happens to be Rs. 5 per kilowatt hour compared to 2.8 of Bolivia, 2.5 of Argentina and 3.1 of Malaysia, I can go on rappelling the international comparison. Does the Minister or the Ministry have any credible plan by when the cost of Indian electricity to Indian consumers, to Indian industry and Indian farmers become comparable to acceptable global averages even of emerging markets leaving aside the more developed markets?

My third question, Sir, reliability of power. If you look at reliability of power, in respect of industrial power, our loss, per minute outage is Rs. 5 to Rs. 22 in Karnatka, which may be among the highest. To farmers, it deters their productivity from 13 to 18 per cent, resulting in a loss of Rs. 2 to Rs. 4 for each unit of electricity not supplied. Does the Minister have any credible plan when power supply to Indian consumers, to Indian farmers and to Indian industry will become more reliable?

(Contd. by ysr-3d)

-SK/YSR-LP/4.15/3D

SHRI N.K. SINGH (CONTD.): My fourth question, Sir, is about capacity creation. We had heard Minister *ad nauseam* on this 78,000 mw project, what you are doing, and what you are planning to achieve, and so on and so forth. We know that you cannot reach the 78,000 mw target. What is worse, Sir, is that if you look at the Parikh Report on Integrated Energy Policy, by 2030 as against 78,000 mw, you would require 395,000 mw. There are issues like financial linkages, linkages in terms of inputs, and ability to be able to finance this. And who is going to do so? Do we have a credible PERT chart which will show in what manner you are going to produce 950,000 mw which you yourself have accepted by the Cabinet having adopted the Kirit Parikh Report on the Integrated Energy Policy?

My fifth question, Sir, is the restructured APDRP. Sir, I have had the privilege of being the Chairman of the first APDRP and then we restructured it. It had three important objectives. One is the templates, the ten templates on power, namely, power reforms and so on and so forth. Unfortunately, in spite of the templates being adopted, the loss on account of T&D losses has come down very nominally. It has hovered around 30-40 per cent constituting five per cent of the GDP and the PLF, unfortunately, also has really shown a very marginal improvement. On franchising system, we have lagged behind. In terms of compulsory metering, we have not been able to achieve hundred per cent compulsory metering. Will you, therefore, consider another more basic restructuring of the APDRP to realize the main objective of making the power

sector viable, which was the original intention of doing so, and since even the restructured APDRP has not been able to achieve this objective?

My sixth question is this. I think it did involve the Minister in the drafting of the Electricity Act, 2003. The principal objectives of the Electricity Act adopted after considerable discussion in both the Houses of Parliament were three-fold. One is unbundling of power sector. In this, regrettably, unbundling took place only in 13 States, out of which many have not issued tariff orders. Another was having open access, to introduce the bouquet of choice to average consumers, and having a sunset clause in getting rid of the distortionary cross-subsidy which has bedevilled the electricity sector. Will you consider, Minister, which is my sixth question, of improving the implementation of the Electricity Act, 2003? You yourself have committed to it and you have taken upon yourself this obligation.

My seventh question, Sir, is this. Considering the fact that it is now well known that environmental consequences are something which you have accepted in reducing the energy intensity in use. What is your plan for future power stations on carbon sequestration, carbon capture, and cleaner kinds of fossil fuel which will enable us to harmonize achieving electricity usage, particularly per capita electricity usage, and not denying it to the 400 million Indians, who do not have assured access to electricity? What is your plan for achieving lower levels of carbon dioxide emissions by progressive adoption of carbon capture and carbon sequestration technology?

My eighth question, Sir, relates to the quality of your regulatory framework. You have regulators. But, unfortunately, there is regulatory capture. The domain

knowledge, for which you have regulators, is missing. The quality of orders of your regulators leaves much to be desired. When do we expect to have a regulatory structure, which meets the kind of requirement, which you have in improving the overall comparative viability of the electricity sector both as far as the Central Government and the State Governments are concerned? Believe me -- and this is talking, unfortunately, against the area in which I myself worked -- if you give the kind of salary, which you are giving to the regulators here and in the States, if you appoint the kind of people who you are appointing, they are not likely to bring huge amount of domain knowledge to improve the quality of regulatory orders. Please have a re-look at what kind of regulators you want to have to be able to govern this sector in the long term.

My ninth question, Sir, is about the whole area of regional imbalances. Many of my colleagues have spoken today that large parts of country have very poor quality of electricity. I agree with you that each State cannot become self-sufficient. India is one country. We need to have a better system of transmission and not necessarily each State producing it. There are very, very severe regional imbalances.

(Contd. By VKK/3E)

-YSR/VKK/3e/4.20

SHRI N.K. SINGH (CONTD.): When do you think and in what manner do you think, you will truly de-politicise the allocation of coal and in terms of the allocation of the unallocated power so that the country as a whole can benefit? (Time-bell)

Sir, now, with your permission, I come to my last question. It is a question not to the Minister, but it is a question to the Prime Minister. You are the Minister for Power and yet it is clear that you have no control on coal, coal productivity in terms of quality of coal, quality of supply, etc. You have no control on the comparative cost of variation of inputs in terms of how gas is priced, other forms of energy are priced and to be able to arrive at a harmonious conclusion. You have no say on renewable energy. You have little say on usage of technology. Will you consider, therefore, recommending to the Prime Minister that for enabling you to discharge your mandate effectively, you need to recreate an integrated Ministry of Energy? We had a Ministry of Energy. I can recognize that coalition politics and its compulsion of accommodating many Cabinet colleagues will prevent us from abolishing Ministries. But, let's make a beginning for recreating what we once had with, at least, coal and power being combined since coal, for a long time, will constitute one of the principal sources of energy. Mr. Minister, I had little answers to give. But, I had ten questions to pose. Thank you very much.

(Ends)

SHRI Y.P. TRIVEDI (MAHARASHTRA): Thank you, Sir, for giving me this opportunity to voice my feelings. Everybody has talked about it. I need not repeat it that one of the biggest challenges facing the country is the challenge of power. I am talking of power not in the sense of political power. I am talking of power as the Minister is now holding.

I would also like to make it clear that it is not as if the States where the Congress Government or coalition Government is in power, there is no problem of

Sir, the Electricity Act also talks something about formulation of a national electricity policy and tariff policy -- each State to establish a regulatory commission to determine tariffs and arbitrate disputes. Also, the Act includes various norms for the benefit of consumers. There are other policy measures, especially, increasing the manufacturing capacity of BHEL, Bharat Heavy Electricals Limited, and liberalization of mega power policy. If BHEL, a profit-earning PSU of the country, is not able to meet the supply of machineries to power projects, which is most essential, the Ministry could coordinate with the Ministry of Heavy Industries and others to see if the problem could be rectified. Everyone talks about how power is a major necessity in the country, now as well as in the future, to compete with the world, but the reasons stated here for not achieving the targets are very simple. I think the Ministry's coordination and its initiatives could rectify all these problems. Then, sixty-one per cent of the villages were to be covered under the RGGY scheme for rural electrification by 15th February, 2010. The Government gave the following reasons for delays in progress

under RGGY: Delays in forest clearance, delays in issuance of road permit and way bills in some States, very poor rural electricity infrastructure in some States, delay in finalization of BPL by some States, delay in taking decisions on various State and local taxes, and so on. As my friend, Mr. Khuntia has pointed out, the States' responsibility increases in certain aspects. As far as my State, Tamil Nadu, is concerned, Sir, we have done very well. I hope, the hon. Minister would appreciate the progress achieved in Tamil Nadu. By 2011, we would increase power generation by more than 7000 megawatts. The wind power generation now in Tamil Nadu equals the total nuclear power generated across the country. Thus, by 2011, Tamil Nadu would not only be self-sufficient, it would also be able to spare something for the nearby States. So, as far as our State is concerned, we comply with the requirements expected of a State Government and Tamil Nadu would do the best. The present situation that is being faced across the country is not so pronounced in Tamil Nadu. I would like to tell this august House that in this federal structure of ours, States have equal responsibility. While moving forward with the UPA government, not only as a partner but also as a responsible State, Tamil Nadu is doing very well in power generation and other aspects as well. In future, the country's demands would be met satisfactorily and the Minister's initiatives would do very well.

(Ends)

(Followed 3t/sch)

Sch/5.30/3t

श्री मंगल किसन (उड़ीसा): डिप्टी चेयरमैन सर, पावर डिपार्टमैंट के द्वारा 60,751.42 करोड़ रुपये की मांग की गई है। हर स्टेट में मैगा पावर प्लांट के लिए कुछ न कुछ कार्य हो रहा है या होने वाला है। इसमें बहुत बड़ी-बड़ी प्रॉब्लम्स आती हैं। जिस स्टेट में पावर प्लांट लगते हैं और पावर प्रोड्यूस हाती है, उस स्टेट के बारे में भी भारत सरकार को कुछ सोचना चाहिए। भारत सरकार का पावर प्लांट जिस स्टेट में होता है, वहां से पूरी पावर किसी दूसरी स्टेट में चली जाती है। इन पावर प्लांट्स के कारण जिस स्टेट को तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जैसे एनवायरनमैंट या टैम्परेचर बढ़ने की समस्या, उस स्टेट को इसका कोई फायदा नहीं दिया जाता है। मैं सरकार से दरख्वास्त करूंगा कि कम से कम 1%, 1.5% या 2% पावर उसी पावर प्रोड्यूसिंग स्टेट को अवश्य देनी चाहिए।

दूसरी बात यह है कि जितने भी पावर प्लांट होते हैं, उनके चलते वहां का टेम्परेचर 4°C - 5°C बढ़ जाता है। हम लोगों के उड़ीसा में झारसुगुड़ा में तरह-तरह के प्लांट लगने के बाद, हर प्लांट में एक कैप्टिव पावर प्लांट बनाने की व्यवस्था की गई है, चाहे वह प्राइवेट सेक्टर में हो या पब्लिक सैक्टर में, जिसके कारण झारसुगुड़ा जैसे छोटे शहर का टैम्परेचर भी आज 46°C है। इसके कारण आज आम जनता का जीवन-यापन वहां बहुत कठिन हो गया है। इसलिए मेरी सरकार से दरख्वास्त है कि जहां भी पावर प्लांट लगें, सरकार उनको बाध्य करे कि उस पावर प्लांट के चारों तरफ, कम से कम पांच या दस किलो मीटर के रैडियस में प्लांटेशन या पेड़ लगाने की व्यवस्था की जाए। इसके लिए सरकार के द्वारा उन्हें बाध्य किया जाना चाहिए, नहीं तो फ्यूचर में इन पावर प्लांट्स के चलते दुनिया का टेम्परेचर कम से कम 4°C -5°C अधिक होगा। मुझे उम्मीद है मंत्री महोदय और सरकार इस तरफ अवश्य ध्यान देंगे।

Rajiv Gandhi Rural Electrification Scheme के बारे में बहुत चर्चा की गई है। सरकार ने उस योजना के लिए पैसे का भी प्रावधान किया है और आज तक इस योजना के तहत 19,140.43 करोड़ रुपये बांटे गए हैं। मगर मैं समझता हूं कि खाली पैसा दे देने से ही

काम पूरा नहीं हो जाता। रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन के लिए भारत सरकार के जितने भी नैशनल थर्मल पावर प्लांट हैं, इम्प्लिमेंटेशन के लिए इन्हें पब्लिक सैक्टर की एजेंसियों को दिया गया है, लेकिन पब्लिक सेक्टर एजेंसियों ने उसे सब-लीज़ करके प्राइवेट सेक्टर की एजेंसियों को दे दिया है। वे प्राइवेट सेक्टर की एजेंसियां न भारत सरकार के कंट्रोल में हैं, न स्टेट गवर्नमैंट के कंट्रोल में हैं और न ही वे किसी मॉनिटरिंग ऑफिसर की बात सुनती हैं, जिसके चलते आज हालत ऐसी है कि राजीव गांधी इलेक्ट्रिफिकेशन प्रोग्राम के तहत त्रिपुरा, सिक्किम, मीज़ोरम, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश इत्यादि राज्यों में प्रोग्रेस अभी तक ज़ीरो है। मेघालय में अभी तक 6.90%, छत्तीसगढ़ में 7.95%, अरुणाचल प्रदेश में 10.66%, मध्य प्रदेश में 11.04%, मणिपुर में 13.27%, नागालैंड में 13.27%, असम में 18.51%, जम्मू-कश्मीर में 21.55%, उड़ीसा में 28.92%, कर्णाटक में 43.94% काम हुआ है।

(3u-psv पर जारी)

sch - PSV-KSK/3U/5.35

श्री मंगल किसन(क्रमागत): सर, इसका मतलब यह है कि जैसे उड़ीसा में 18 महीनों में Rajeev Gandhi Rural Electrification योजना complete होनी थी मगर उसे implementation के लिए sub-lease पर जिस प्राइवेट पार्टी ने लिया था वह 17 महीनों तक उड़ीसा नहीं आयी। कुछ काम शुरु नहीं किया। जब छान-बीन हुई तो 18 महीनों बाद उसने काम शुरू किया है। जब 18 महीनों में वह प्रोजेक्ट complete होना है, उसको 17 महीनों तक touch भी नहीं किया है। 18वें महीने में उसको start किया है। इस प्रकार Rajeev Gandhi Rural Electrification योजना में काम हो रहा है। सरकार का उद्देश्य महान है। उसने सारे पैसे भी दिए हैं, मगर implementation part में सरकार को ध्यान से उसकी monitoring करने के लिए कोई mechanism develop करनी चाहिए जिससे सरकार ने जो महान उद्देश्य रखा है वह सफल हो।

सर, दूसरी बात लोगों के displacement की है। कम-से-कम 4 हजार या 5 हजार एकड़ से कम में mega projects नहीं बन पाते हैं। इसके कारण जो families displaced हुई हैं उनके लिए RR package ठीक होना चाहिए। इसके साथ ही उनको compensation ठीक मिलनी चाहिए। जो displaced families हैं उनके कम-से-कम 2 generations को, not only one generation को, facility देनी चाहिए। उस क्षेत्र में जो कारखाना बनता है, वहाँ एक mechanism develop करके उन displaced families को उस कारखाने के कुछ shares उनके नाम पर मिलने चाहिए ताकि उस कारखाने का लाभ हर साल कुछ-न-कुछ हर displaced family को मिल सके। Displacement के कारण जो नियुक्ति पाते हैं, employment पाते हैं उन लोगों के बारे में सरकार का नियम है कि quarter से कारखाना जाने के दौरान यदि उनकी कोई casualty हुई तो उसको rehabilitation package में appointment देगी या कारखाने के अन्दर कुछ हो गया तो उनको appointment देगी ...(समय की घंटी)... या कारखाना आने के समय उन्हें कुछ हो गया तो appointment देगी, मगर छुट्टी के समय में वह market गया या कहीं कोई सामान लाने गया और वहाँ उसे कुछ हो गया तो within service में भी public sector में नियुक्ति नहीं मिलती है। इसीलिए सरकार को विचार करना चाहिए जिससे देश में हर displaced family में हर स्टेट में इसके लिए सबसे बड़ी discontentment होती है। इसके बारे में सरकार को विचार करना चाहिए। आपने मुझे इस पर बोलने के लिए जो समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

(समाप्त)

SHRI KUMAR DEEPAK DAS (ASSAM): Sir, sustainable economic growth is possible if the country is abound with natural resources like gas, crude oil, uranium, coal, or, even water. The most States of the North-Eastern Region can well be prime destinations for industrial growth in the country simply because this region is full of these resources.

For setting up of a hydro-electric power project, the State of Arunachal Pradesh is the best place, as it is richest in water resources. It has the potential of generating energy to the extent of staggering 50,328 MW. So far as exploration of hydro-electric power is concerned, nowadays, any promoter can generate power and can sell the same at a commercial price with a statutory minimum return on equity. The demand of power is also increasing rapidly in national and in the South East Asian market.

Power sector reforms in the country indicated a clear policy shift transforming the status of electricity service from an essential one to commercial. Both public and private sectors managed to get enough fund for investment in power sector. Till the other day, due to fund crunch, hydropower projects in the region were of the size of 50 MW and 100 MW. But, now, in the new situation, it is targeted to some 50,000 MW, together by the public and private sectors.

(continued by 3w - gsp)

GSP-DS/5.40/3W

SHRI KUMAR DEEPAK DAS (CONTD.): Sir, the main problem is arising now. Now, the problem in Assam, specifically with regard to the construction of big dam for hydel power generation, has led to statewide protests since long, and, has caused havoc in the downstream of the rivers. The projects are constructed without any holistic and transparent policy on the ecological, or, earthquake and flood control aspects.

After having acerbic experience of unprecedented floods caused by Ranganadi river in Assam, apprehension of the people against any hydel project

has been mounting. If the discharge from a mere 200 MW capacity plant on Ranganadi river during summer could create such a deluge, then, what would be the future plight of the people living in downstream when discharge commensurating with 50,000 MW hydropower is left through the gates of the concerned dam.

This is not a single issue. There are several issues which are lying without solution in our country like the issue of Tipaimukh dam. Thus, viewing the dam issue from a neutral, humane and global viewpoint, it is natural for Bangladesh to fear that the Tipaimukh Dam would wreak havoc on life and economy in that country, as we in India fear that a dam on Tsangpo and diversion of water towards North China could virtually transform Assam into a desert and at the same time, the same fear should also hold good for the people of Bangladesh in the event of Brahmaputra drying out.

Mr. Deputy Chairman, Sir, on the other hand, the entire North Eastern Region has fallen in seismically sensitive zone-V. Under these circumstances, before taking a decision with regard to proposing any venturous job in the form of any mega hydroelectric project in the upper reaches of Brahmaputra in Arunachal Pradesh, all we ought to do is to undertake comprehensive study with regard to its likely impacts on such factors.

The Centre does not seem to be committed to assiduously and meticulously conducting scientific and thorough studies and survey with regard to the downstream impacts of those dams. The Central Government should come forward with a policy paper on it to soothe people's ire against such development.

With these words, I thank you very much for giving me the opportunity to raise some issues concerning my region. Thank you once again.

(Ends)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The discussion on the Working of the Ministry of Power is concluded. Now, the hon. Minister of Power to reply.

विद्युत मंत्री (श्री सुशील कुमार शिन्दे): उपसभापति महोदय, मैं आपका तो आभारी हूँ ही, इसके साथ ही सभी सदस्यों का भी आभारी हूँ। मैं नहीं समझता था कि 6 महीने के अंदर दूसरी बार इसी सदन में यह विषय चर्चा के लिए आएगा, लेकिन जब विषय चर्चा के लिए आ गया तो मुझे भी खुशी हुई।

इस सभा में जब भी चर्चा होती है तो मैं एक प्रेरणा लेकर अपने डिपार्टमेंट में जाता हूँ। मुझ पर टीका-टिप्पणी भी होती है तो उसका मैं आत्मचिन्तन करता हूँ और मेरे अधिकारी भी आत्मचिन्तन करते हैं। ऐसा हम कभी नहीं कहते कि अगर हमारे ऊपर टीका-टिप्पणी हो गयी तो उसको टोको। यह बात हम कभी नहीं कहते हैं, क्योंकि यह देश की चिन्ता का एक विषय है। जिस तरह से हमारी यूपीए-। सरकार आ गयी और दूसरी भी सरकार आ गयी, जिसने इस देश को 2012 तक सबको बिजली देने का एक आश्वासन दिया है, उसके लिए आप भी बड़े चिन्तित हैं कि यह काम कैसे हो सकता है? क्योंकि अभी तक तो इस देश में बिजली निर्माण का कोई काम ही नहीं हुआ था। आप थोड़ा आठवां, नौवां और दसवां प्लान देखिए। दसवें प्लान में तो हम थे, लेकिन आप Eighth-Ninth Plan में या Seventh Plan में भी देखिए कि हमने इस देश को कितनी बिजली दे दी। अभी एन.के. सिंह जी कह रहे थे कि हम देश में per capita 700 KW per hour बिजली का इस्तेमाल करते हैं जबकि अमरीका और चीन में इतनी है। मेरे पास सारे figurers हैं। मैंने इस हाउस में बहुत बार figures दी हैं, इसलिए मैं figures के झंझट में नहीं पड़ना चाहता हूँ।

(3x/AKA पर क्रमशः)

Aka-sk/3x/5:45

श्री सुशील कुमार शिन्दे (क्रमागत) : मैं यही बताना चाहता हूं कि शुरूआत में ही, 2004 में हमने इस देश को बताया था कि 2012 में हम इस देश के सभी घरों में बिजली देना चाहते हैं और देंगे और तब देश में एक हजार प्रति किलोवाट आवर्स बिजली देश के हर आदमी को मिल जाएगी, इस प्रकार का आश्वासन हमने देश में दिया था। उपसभापति जी, मैंने इसी सदन में बताया था कि 8वें, 9वें और 10वें प्लान में, तीनों प्लान्स को मिलाकर 56,000 मैगावाट बिजली इस देश में तैयार हुई। यह टारगेट प्लानिंग कमीशन देता है कि 56,000 मैगावाट बिजली तैयार होगी, 10वीं पंचवर्षीय योजना में 21,000 मैगावाट बिजली तैयार होगी, वह बात अलग है कि हम टारगेट 21,000 की बजाए 25,000 का ले लें, 30,000 का ले लें, 40,000 का ले लें। हमने जब चर्चा की तो हमने कहा कि यह एक चैलेंज था देश के लिए और हमारे डिपार्टमेंट के लिए भी एक चैलेंज था, 78,000 मैगावाट का चैलेंज हमने स्वीकार किया। लेकिन, जब हमने इस चैलेंज को स्वीकार किया था तो देश में पानी की स्थिति अच्छी थी। श्री शिवा जी ने बहुत अच्छा कहा कि difficulty जैसे आती है कि हमने 8वीं और 9वीं योजना में जब प्लान किया तो इस देश में पानी कम गिरा, जिसकी वजह से हाइड्रो का हमारा प्रोडक्शन कम हो गया। कोयले के बारे में भी उन्होंने कहा, मैं उन्हें बहुत धन्यवाद देता हूं कि इस सारी स्थिति को जानते हुए कि देश में कोयले की भी शार्टेज है, तो परदेस से भी हमें कोयला मंगाना पड़ा, 12 मिलियन टन कोयला हमें परदेस से पिछले साल मंगाना पड़ा। तो ये सब difficulties आती रहीं। उपसभापति महोदय, मैं आपको बताना चाहूंगा और फिगर्स बताने में मेरे से कहीं गलती न हो जाए, इसलिए मैं जरा ऑन दि रिकार्ड आना चाहता हूं । 9,585 megawatt of the capacity has been added during 2009-10. This is the highest capacity addition achieved in a single year during the last six decades. The second highest being 9,263 megawatt in 2007-08. Moreover, the projects with capacity of 1,082

megawatt have also been synchronized during 2009-10. However, this could not be included in the capacity addition achievement in accordance with new definition of commissioning of projects as this could not achieve full load by March 31st.

उपसभापति महोदय, पहली बात तो यह है कि हम जब फुल लोड पर आते हैं और बिजली जब ग्रिड में जाती है, तब से हम काउंट नहीं करते थे। यदि वह काउंट करते तो आज 30,000 मैगावाट से ऊपर बिजली जाती। हम पहले जो काउंट करते थे, कॉयल पर जब लोड आ गया तो हमारा काउंट होता था कि बिजली आ गई है, हमने यह definition बदल दी है। जब तक ग्रिड में बिजली नहीं आती, तब तक हम उसे मानते नहीं है और यह definition बदलने से भी उसमें टारगेट में थोड़ी कमी आई, यह भी मैं इस सभागृह को बताना चाहता हूं। The capacity addition of 22,302 megawatt has been achieved during the first three years of the Eleventh Plan. इन तीन सालों में हमने 22,000 मैगावाट बिजली का निर्माण किया है और 10वें प्लान में पांच साल में 21,000 मैगावाट का निर्माण हुआ था, अभी हमारे पास इस प्लान के दो साल बाकी हैं और जो टारगेट दिया है, वह भी मैं बताना चाहता हूं। यह बात सही है कि चर्चा होने पर एक मार्गदर्शन भी मिलता है, इसलिए मैं सभी बातें बताना चाहता हूं। The Eleventh Plan is higher than total capacity addition of 21,180 megawatt achieved during the Tenth Plan. A capacity addition target of 20,359 megawatt has been fixed for 2010-11 with the proposed capacity addition of 19,713 megawatts in 2011-12. That means 6,374 megawatt of capacity in the Eleventh Plan would be added which is nearly three times of the capacity added in the Tenth Plan.

(Contd. by ysr-3y)

NB/3Y/5.50

श्री सुशील कुमार शिन्दे (क्रमागत) : दसवें प्लान से तीन गुना कैपेसिटी बढ़ जाएगी और मैं इस सदन को assure करता हूं कि यह मैं confidence से कह रहा हूं कि हमने जो measurements ले लिए हैं, वह मैं आपको जरूर बताऊंगा, क्योंकि दसवें प्लान में हमें जो भी दिक्कतें आईं, जैसे तिरुची शिवा जी ने कहा कि हमारी BHEL की एक ही फैक्टरी है और हम इतनी बड़ी कैपेसिटी का निर्माण कर रहे हैं। BHEL की कैपेसिटी केवल 5 से 6 हजार तक थी, अभी वह 10,000 हो गई है और 15,000 तक पहुंचेगी। हम देश में 78,000 मैगावाट बिजली का निर्माण करना चाहते हैं, तो उसके लिए कहां से इतनी manufacturing capacity आएगी? इस बारे में हमने सरकार से विचार-विमर्श किया। BHEL तो हमारी फैक्टरी है, उसको प्राथमिकता देते हुए, अभी देश में 4 private factories आ रही हैं, एक है - L&T के साथ MHI,जो जापान की कंपनी है, दूसरी - Bharat Forge के साथ ALSTOM आ रही है, तीसरी - Toshiba के साथ JSW आ रही है और चौथी - ANSALDO के साथ GB Engineering आ रही है तथा NTPC और Bharat Forge, पाइपलाइन का काम कर रहे हैं। जो इस सैक्टर में काम करते हैं, उनको मालूम है कि balance of plant सबसे ज्यादा दिक्कत का काम है। कई प्लांट खड़े हो जाते हैं, लेकिन उनको balance of plant नहीं मिलता था, कभी ash plant नहीं मिलता था। जनरेटर और बॉयलर तो उनको मिल जाता था, लेकिन यह काम नहीं होता था। इसलिए हमने इस पर ध्यान दिया और आप देखेंगे कि दसवीं पंचवर्षीय योजना में सबसे बड़ी गलती यह हुई थी कि हमने 42,000 मैगावाट का प्रोजेक्शन किया, लेकिन ऑर्डर्स केवल 21,000 मैगावाट के गए थे। इस वक्त हमने 11वें प्लान में सभी ऑर्डर्स पहले ही place कर दिए हैं और काम शुरू हो गया है। मुझे इस सदन को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अभी हमारे 12वें प्लान का काम चालू है और आज तक 50,000 मैगावाट का काम चालू है। हमने यह measurement ले लिया है और देश को इसकी जरूरत है। देश में बिजली की बहुत जरूरत है। इसके लिए हमने मॉनीटरिंग यूनिट्स लगाई हैं। जैसा अभी कोश्यारी जी ने कहा, मैं उनको

बहुत धन्यवाद देता हूं कि BJP के होते हुए भी उन्होंने बहुत अच्छा भाषण दिया, हमें सपोर्ट किया, इसके लिए मैं उनका अभिनंदन करता हूं। यह बड़ी मुश्किल बात है, क्योंकि वे जिस क्षेत्र से आते हैं, गंगोत्री पर काम रोका गया है, उनको पता है। मैं उनको इसलिए धन्यवाद दे रहा हूं, क्योंकि टिहरी में जो काम हो रहा था, उसमें उन्होंने हमारा साथ दिया है।

श्री एस.एस. अहलुवालिया : वहां BJP की सरकार है।

श्री सुशील कुमार शिन्दे : अहलुवालिया जी, आप बुरा मत मानिए, आप साथ बैठे हैं।

श्री एस.एस. अहलुवालिया : आपने कहा कि "BJP के होते हुए", वहां BJP की सरकार है और वह अपना कार्यक्रम चला रही है, लेकिन कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं। यहां कोश्यारी जी ने सरकारी पक्ष रखा है।

श्री सुशील कुमार शिन्दे : अहलुवालिया जी, मुझे बताना पड़ेगा कि इनका absence वहां feel हो रहा है।

उपसभापति जी, मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारी जो सबसे बड़ी समस्या है, वह यह है कि पावर सैक्टर, Concurrent List में है। पावर जनरेशन की जिम्मेदारी स्टेट की है, लेकिन हम दसवें प्लान तक यह समझ रहे थे कि यह काम सेंटर का है। सेंटर का काम तो खाली power supplementation का है। हमने देश के सभी पावर मिनिस्टर्स की बैठकें बुलाई, चीफ मिनिस्टर्स की बैठकें बुलाईं और उनको टारगेट दे दिया कि आपको यह करना ही होगा। इस वजह से यह काम शुरू हो गया है। केवल इतना करके ही हमने नहीं छोड़ा है, हमने इसकी मॉनीटरिंग भी शुरू की है।

(3Z/VNK पर क्रमशः)

श्री सुशील कुमार शिन्दे (क्रमागत): हम यह मोनिटरिंग केवल पीएसयू पर ही नहीं करते हैं, बल्कि स्टेट लेवल के भी जो projects हैं, उनको भी मोनिटर करते हैं और प्राइवेट को भी मोनिटर करते हैं। आजकल, पन्द्रह दिन पहले हमने एनटीपीसी में सेन्ट्रल रूम बनाया है कि वहां हमारे हर यूनिट पर कैमरे लगे हुए हैं। वहां बैठ कर हम सब कर रहे हैं। उत्तराखंड में भी एनटीपीसी ने हमारा जो हाइड्रो का प्रोजेक्ट ले लिया है, उस पर भी कैमरे लगाए हुए हैं और जो टनल बोरिंग मशीन अंदर जाता है ..(व्यवधान)..

श्री भगत सिंह कोश्यारी : मंत्री जी, कैमरे लगाए हैं या काम लगा रखा है।

श्री सुशील कुमार शिन्दे: नहीं, नहीं, काम भी लगा रखा है। यहां से रोज मानिटर करते हैं कि कितना टनल बोरिंग मशीन अंदर घुस गया है और कौन लोग काम करते हैं। हर रोज इसकी रिपोर्ट आती है। अब पहले वाली बात नहीं रह गई है। अभी यहां आपके आशीर्वाद से सुशील कुमार शिन्दे बैठा है और हमारे प्रधान मंत्री जी ने और सोनिया गांधी जी ने बिठाया है, मैं कहां गवर्नर था, वहां से खींच कर यहां लाया है, तो इसलिए मुझे देश की नौकरी करनी है। उसके लिए मुझे अच्छा रिजल्ट देना है और मैं देता रहूंगा। जिस confidence से मुझे लाया है, वह रिजल्ट मैं देते रहूंगा। ठीक है, कभी-कभी नेचर से, इधर-उधर से गलती होती है। मैं मोनिटरिंग की बात कर रहा था। अभी हर प्रोजेक्ट पर मोनिटरिंग हो रहा है। फिर Central Electricity Authority है, वहां एक मोनिटरिंग होता है। हमने monitoring panel लगाया है, उनमें हाइड्रो की दो हैं और थर्मल के दो हैं। ऐसे चार-पांच monitoring panel लगाए हैं, वे भी मोनिटर करते हैं।

तीसरा जो मोनिटरिंग यूनिट है, वह मेरे लेवल पर है। जहां देश के अभी तक के जितने सेक्रेटरीज, पावर मिनिस्ट्री थे, वे रिटायर हो गए हैं, कपूर से लेकर, पंडित से लेकर इन सभी को मैंने विनती की कि मैं गलती कर सकता हूँ, आप आइए और हमें सहयोग दीजिए। हर महीने इसकी मीटिंग होती है और मानिटरिंग होती है। इतनी रिजिड मोनिटरिंग अभी तक

कभी नहीं हुई थी। इसलिए मैं बताना चाहता हूँ कि जिस तरह से अभी हमारे एन.के.सिंह साहब ten point programme लेकर आए, यह बहुत ही अच्छा है, मैं उनका भी अभिनंदन करता हूँ, क्योंकि उन्होंने प्लानिंग कमीशन में काम किया है और भारत सरकार में सचिव रहे हैं, लेकिन जिस तरह से एपीडीआरपी का काम किया है, उन्होंने कहा है कि restructure एपीडीआरपी करना चाहिए। हमने restructure एपीडीआरपी किया है। इसमें हमने दो पार्ट किया है- पार्ट ए और पार्ट बी। पार्ट ए में हमने डेटा बेस लाइन किया है, हम पूरे देश में इसके लिए पैसा दे रहे हैं। एक बार डेटा बेस आ जाएगा तो हमें पता चलेगा। पार्ट बी में maintenance वगैरह को करने का काम करेंगे, चेंज करने का काम करेंगे। हमने already इस तरह का restructure plan किया ही है। एपीडीआरपी जो स्कीम है, उससे जो T&D losses हैं, वे भी कम हो जाएंगे, क्योंकि एक बार पता चल जाएगा कि कहां से चोरी होती है। वह बेस लाइन से पता चल जाएगा और यही हमें अभी तक पता नहीं चल रहा था।

उपसभापति महोदय, मैं आपका थोड़ा सा समय ले लिया हूँ। मैं दूसरी बात यह बताना चाहता हूँ कि अभी तक प्राइवेट सेक्टर कभी भी इतनी जोर से नहीं आई थी। अभी इस देश में प्राइवेट सेक्टर इतनी जोर से आ गई है कि capacity addition of over 19,000 megawatt is likely to be added in the private sector during the current Plan which is nearly ten times the capacity added in the private sector in the Tenth Plan and 1.7 times of the aggregate capacity addition in the private sector during the last 15 years. In terms of the contribution to the total installed capacity, the share of the private sector has grown from four per cent in 1999 to 18 per cent as on today. The projects for 5,000 megawatt capacity are presently under construction by private developers. Further, private sector is likely to add about 60 per cent of the total capacity addition.

(Contd. By MP/4a)

श्री सुशील कुमार शिन्दे (क्रमागत) : उपसभापति जी, अभी-अभी उड़ीसा के हमारे सम्मानित सदस्य यहां अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट के बारे में कह रहे थे। जब मैं 2006 में वहां गया था, उस वक्त हमारे पास अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट की केवल संकल्पना थी और केवल पांच अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट हम करना चाहते थे। चार प्रोजेक्ट अभी तक हम competitive bidding में दे चुके हैं और सरगुजा का पांचवां प्रोजेक्ट online है। सात प्रोजेक्ट हम और कर रहे हैं और एक-एक प्रोजेक्ट 16,000 करोड़ का है और इससे 4000 मेगावॉट बिजली का निर्माण होने वाला है। मैं उड़ीसा को धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने अभी एक काम शुरू कर दिया है और दूसरा करने जा रहे हैं। कीमतों के बारे में मैं कहता हूं कि एक प्रोजेक्ट में, कृष्णापटनम में competition हो गया, जो turbine की कीमतें हैं, उसमें ज़रूर competition हो गया और 400 करोड़ मैंने बचा भी दिए। तो यह competition नहीं है, आखिर यह पैसा हमारा पैसा है, जनता का पैसा है, यह कौन बचाएगा? तो competition के लिए यह बहुत ज़रूरी है और यह अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट, सब तैयारी करके ही हम bidding process में देते हैं। ऐसा नहीं है कि कोई अटका हुआ हो। एकाध का शुरुआत में हो गया था कि उसका थोड़ा सा environmental clearance होना था, लेकिन मुंड्रा का जो पहला प्रोजेक्ट था और फिर ससान का प्रोजेक्ट आ गया, उसमें थोड़ा सा प्रॉब्लम था, वह भी अब क्लीयर हो गया है और मैं इस सदन में बताना चाहता हूं कि जो अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट्स से 12वें प्लान में हमें बिजली आनी तय थी, मुझे इस सदन में बोलने में यह खुशी है कि जिस तरह से हम monitoring कर रहे हैं, दो अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट जो हैं, उनमें से एक टाटा का जो प्रोजेक्ट है, उसके दो युनिट्स अभी 11वें प्लान में आ रहे हैं और ससान का, जो रिलायंस का प्रोजेक्ट है, उसका एक युनिट अगले प्लान में आ रहा है और इसमें अभी तक हम best effort करके एचीव नहीं कर पाए हैं। जो 62,000 मेगावॉट में नहीं कर पाए हैं, वह best efforts करके हम करेंगे , क्योंकि हम यह भी नहीं कहना चाहते हैं कि हम केवल 62,000 मेगावॉट इस देश को देंगे, इसलिए

हम कह रहे हैं कि जिस तरह से हम monitoring कर रहे हैं, best efforts से हम वह काम करने का प्रयास करेंगे।

उपसभापति महोदय, जिस तरह से प्राइवेट सेक्टर में लोग आ रहे हैं, उसके बारे में भी मैं आपको थोड़े से मालूमात देना चाहता हूं। Incremental flow of bank credit to power sector has increased by merely 300 per cent from Rs. 13,000 crore in April-November 2008 to Rs. 38,000 crore in April-November 2009. What is more encouraging is the fact that the total incremental bank credit to the power sector accounts for over 50 per cent in 2009.

The comprehensive monitoring mechanism, वह तो मैंने कहा कि यह इतना encouraging है कि हमारे प्राइवेट सेक्टर में जब ये आएंगे, आज तो मेरे पास इतनी पी.डी. आ रही हैं और मैं सोलर के बारे में कहना चाहता हूं कि हमारे एन.टी.पी.सी. की एक सब-कमेटी सोलर का काम कर रही है, तो इतने applications आ रहे हैं, मुझे भी अचरज हो रहा है कि देश में जैसे एक तरह का तूफान आ गया है कि किसको दें और किसको न दें? यह खुशी की बात है कि एक confidence बना हुआ है। आपने कभी देखा था कि एक साल में किसी कॉरपोरेट बॉडी के 5 IPO or FPO कभी निकले थे? तो इसका मतलब यह है अहलुवालिया जी कि जो credibility department को आ रही है, इसकी भी थोड़ी सी कभी चर्चा करनी चाहिए, appreciate करना चाहिए। आप businessman हो, तो आपको तो इसकी जानकारी .... (व्यवधान)...

श्री उपसभापति : क्या वे businessman हैं?

श्री एस.एस.अहलुवालिया : आप मुझे ज़बर्दस्ती businessman बना रहे हैं। क्या ख्वाब में देख लिया?

श्री सुशील कुमार शिन्दे : क्या करें सर, ये हमारे साथ यहां बैठते थे, अब वहां चले गए।

श्री एस.एस.अहलुवालिया : आप गलती से कह गए। संतोष बागड़ोदिया जी businessman हैं, जिन्होंने यह debate initiate की है। वे businessman हैं, हमें आपने businessman कहां से बना दिया?

श्री सुशील कुमार शिन्दे : ठीक है, मुझे खुशी इस बात की है कि हमारे दोस्त जहां भी जाएं, बहुत active रहते हैं, इसलिए हमें खुशी है।

उपसभापति जी, मैं शॉर्ट में कहना चाहता हूं कि मैं बात तो बहुत कर सकता हूं क्योंकि मेरे पास मालूमात बहुत हैं।

(4B/SC पर क्रमशः)

-MP/SC/6.05/4B

श्री सुशील कुमार शिन्दे (क्रमागत) : यहां पर पॉवर कंज़रवेशन के बारे में हमारे साथी श्री सैयद अज़ीज़ पाशा ने बहुत अच्छी बात की - पाशा जी चले गए हैं। पॉवर कंज़रवेशन के संबंध में हम जो अवॉयडेड कैपेसिटी की बात कहते हैं, 4,600 अवॉयडेड कैपेसिटी हमने अभी बचाई है और यह बचाकर हम यह इस देश को बता रहे हैं। हर तरफ से हम बिल्डिंग कोड लाए और बचत लैम्प का काम किया है। ये जो छोटे-छोटे बच्चे हैं, वे पूरे देश में ऐसे कंपीटिशन में भाग लेते हैं। उसमें हम उन्हें एक लाख का, पचास हजार का प्राइज़ देते हैं। इस प्रकार से बिजली बचाने के लिए हम एक कंपीटिशन करते हैं और हमारे एम्बेसेडर वह काम करते हैं। कंज़रवेशन के लिए यह बहुत बढ़िया चीज़ है। आज सुबह ही एक प्रश्न के संबंध में हम सोलर सिस्टम में जो कॉस्ट बनती है, उसके संबंध में बात कर रहे थे। अभी प्रारम्भिक तौर पर एनटीपीसी की तरफ से हम जो सोलर सिस्टम कर रहे हैं, उसकी एक यूनिट की कॉस्ट 16 रुपए आती है। लेकिन अनऐलोकेटिड कोटा जो है, उसमें से हम मिक्सअप करके देना चाहते हैं। सोलर और अनऐलोकेटिड कोटा जो हमारी गवर्नमेंट के पास है, उसको मिक्स करके अगर हम दे देंगे तो बिजली की कीमत पांच या छः रुपए हो सकती है। रिलायबल बिजली के

संबंध में हमारे एन.के.सिंह साहब ने कहा। सस्ती और रिलायबल बिजली देने के संबंध में भारत सरकार की, डा0 मनमोहन सिंह जी की और यूपीए सरकार की पहली इंटेंशन है - चीपर बिजली, सस्ती बिजली और स्मूथ बिजली देना।

श्री एस.एस.अहलुवालिया : 16 रुपए बार-बार बोल रहे हैं।..(व्यवधान

श्री सुशील कुमार शिन्दे : बार-बार नहीं, एक ही बार बोला है।

श्री एस.एस.अहलुवालिया : सर, जैसे यूरोप में अभी शुरू हुआ है कि डोमेस्टिक यूज़ के लिए सोलर प्लांट अपने घर पर लगाइए। जितना यूज़ आप करते हैं, वह आप करिए और जो ज्यादा पैदा करते हैं, उसे आप ग्रिड में डाल दीजिए। उस ग्रिड से पॉवर कारपोरेशन उसको खरीदेगा और आपको पैसे देगा। जब आप सोलर फॉर्मिंग के लिए अलाऊ कर रहे हैं, सोलर फॉर्मिंग के लिए आपका नॉन कनवेंश्नल सोर्स ऑफ एनर्जी अलाऊ कर रहा है और वहां पर जो बिजली पैदा होगी, जैसे विंड फार्म में होती है, टाइडल फार्म में होती है, और यहां पर होती है, वह ग्रिड में जाएगी और ग्रिड से बिकेगी। इसी तरह से अगर कोई सोलर पॉवर अपने डोमेस्टिक यूज़ के लिए जेनरेट करता है, उसके अलावा जो बिजली पैदा हो रही है, उसको ग्रिड में लेकर उसको राहत दें तो शायद यह प्रचलन ज्यादा होगा और आपका थर्मल पॉवर का डोमेस्टिक यूज़ कम जाएगा और आप पॉल्यूशन से भी बचेंगे। इसलिए आप उसको सब्सिडी भी दीजिए। आप उसको ग्रिड में खरीदिए, हरेक आदमी माल बेचेगा।

श्री सुशील कुमार शिन्दे : ऐसे जो भी सजेशंस आ रहे हैं, उनको हम एग्ज़ामिन करेंगे और इन्हें हम जरूर लेंगे। ऐसे जो भी सजेशंस आ रहे हैं, उन्हें हम देख लेंगे। महोदय, कोश्यारी साहब रीहेब्लीटेशन के प्रोग्राम के बारे में कह रहे थे। हमने थोड़ी सी पॉलिसी हाइड्रो की बदल दी है। मैं बताना चाहता हूं कि जो प्रोजेक्ट अफेक्टिड फैमिलीज़ हैं, उनको हम दस साल के लिए महीने में 100 यूनिट फ्री ऑफ कॉस्ट बिजली दे रहे हैं। उस बेचारे के 10,15,20 यूनिट लगते हैं। बाकी जो बिजली बचेगी, उसको वह बेच सकता है, ताकि उसको भी पैसा मिले, उसकी भी

कुछ कमाई हो जाए। इस प्रकार की स्कीम हमने निकाली है। इस प्रकार जो सजेशंस आपने दिए हैं, उनका हम जरूर ख्याल रखेंगे।

श्री भगत सिंह कोश्यारी : यहां पर यूनिट देना अलग विषय है। आदमी को तुरंत रहने के लिए जगह चाहिए, मकान चाहिए, बहुत ही ऐक्यूट प्रॉब्लम होती है। ..(व्यवधान)..

श्री सुशील कुमार शिन्दे: टिहरी में भी मैंने दो-तीन मीटिंग्स की हैं, आपको भी पता है।

श्री भगत सिंह कोश्यारी : पूरे देश के बारे में बोलिए।

श्री सुशील कुमार शिन्दे : सर, मैं डिटेल में फिगर्स नहीं दूंगा..(व्यवधान)..

श्री एस.एस.अहलुवालिया : ओवरऑल पॉलिसी बता दीजिए।

श्री सुशील कुमार शिन्दे : हाइड्रो की पॉलिसी के बारे में तो मैंने बता दिया है। एक बात सही है कि यह जो पॉवर जेनरेशन का काम होता है, यह कमर्शियल बिज़िनेस है।

(4सी-एमसीएम पर क्रमश:)

SC-MCM/VK/4C/6-10

श्री सुशील कुमार शिन्दे (क्रमागत) : तो इसके बारे में मैं सहमत हूं कि यह हॉस्पिटल जैसे या दूसरे सार्वजनिक रूप से जो जगह लेते हैं, तो उसी तरह इसका काम नहीं होना चाहिए, भले ही शोलापुर में और नागपुर में अभी एन0टी0पी0सी0 की जो जमीन हमने ली है, जिस जगह की कीमत 50 हजार रुपए एकड़ थी, हमने कंसेंट टर्म से किसानों से बात करके जमीन ले ली और 5 लाख रुपए एकड़ उनको दे दिया। इससे वहां के लोग नाच रहे थे। इतना ही नहीं मैं यहां बताना चाहता हूं जिससे आप सब को खुशी होगी कि वह मजदूर जो किसान की उस जमीन पर काम करता है उसको भी 50 हजार रुपए का चैक हमने देना तय किया है और वहां चैक बांटे जा रहे हैं। जमीन के मालिक किसान को तो उसका पैसा मिल जाता है लेकिन उसके खेत में काम करने वाला जो गरीब आदमी है उसको कौन देखेगा? इसीलिए उसको 50 हजार का चैक हम दे रहे हैं। वह बैंक में जाकर उसको डिपोजिट करेगा तो उसको उस पर लोन मिलेगा और वहां वह टपरी लगाकर बैठेगा। इस तरह की भी हमने स्कीम बनाई है।

महोदय, हमने यह एक नई योजना ले ली है। यह अच्छी स्कीम हमने शुरू कर दी है। अभी व्यास जी मैन पॉवर की बात कर रहे थे। मैं बतलाना चाहूंगा कि हमने यह कम्पलसरी किया है, जो प्राइवेट हो या कोई भी हमारे स्टेट का हो या हमारी यूटीलिटी का हो, जो कोई भी प्रोजेक्ट लगाता होगा तो वहां उसको पहले ट्रेनिंग स्कूल लगाना पड़ेगा, क्योंकि जहां नई जगह प्रोजेक्ट आता है, जगह लेने के बाद 5 साल लगते हैं प्रोजेक्ट आने के लिए और उस जगह जब यदि पहले महीने में ही जगह का फाउंडेशन होता है तो उसी वक्त टेक्नीकल स्कूल का फाउंडेशन हो जाए तो 6 महीने में उसका कंस्ट्रक्शन हो जाता है, अगले 6 महीने में बच्चा पढ़ना लगता है, तो दो बैचेज तैयार होते हैं 5 साल में। तो उस एरिया में रहने वाले जो लोग हैं उनको वहां पढ़ाना होगा, यह कम्पलसरी किया है और उन लोगों को ही वहां सर्विस में लेना होगा, यह भी हमने कम्पलसरी किया है और इसके लिए सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी ऑथोरिटी ने सर्क्यूलर निकाला है और रेग्यूलेटरी ऑथोरिटी ने भी प्रोजेक्ट में इसकी प्रोजेक्ट कॉस्ट इनबिल्ट की है। तो हर किसी को यह काम करना पड़ेगा। अभी जो 8 लाख की मैन पॉवर की बात यहां कह रहे थे, तो इसी से ही मैन पॉवर खड़ा हो जाएगा, इसके लिए एक अच्छा प्रयास हमने इस देश में शुरू किया है। हम बहुत बार कहते हैं कि हमारे पास इतनी हाइड्रो इलेक्ट्रिसिटी की केपेसिटी है, जो आपने भी कहा कि एक लाख 50 हजार मेगावाट की है लेकिन अभी 36 हजार की हो गई है। लेकिन कितनी दिक्कतें हैं यह आप भी देख रहे हैं, उत्तराखंड छोटा सा राज्य है लेकिन इन सब डिफिकल्टियों को खत्म करके ही अभी हमने अरुणाचल में काफी प्रोजेक्ट दे दिए हैं और वहां काम शुरू हो गया है। मैं नाम नहीं लेना चाहता हूं, तवांग से लेकर काम शुरू कर दिया है, इस पर हम ज्यादा बात नहीं करना चाहते हैं, क्योंकि फिर गड़बड़ी शुरू हो सकती है। हमारे डी0पी0आर0 तैयार थे और इससे अधिक काम शुरू कर दिए। वहां भी रि-हेबिलिटेशन पौलिसी लगाई है कि हमारी कॉमर्शियल कम्पनी है, क्योंकि वह बेचारा किसान वहां इतनी पीढ़ियों से खेती करता है और थोड़े से पैसे देकर हम उसकी जमीन मार्केट रेट नहीं देकर सरकारी रेट देकर लेंगे तो उसको नुकसान होता है।

इससे उसके दिल में क्या लगता होगा, यह भी हमें पता है। इसलिए हमने अपने सभी कारपोरेशंस से कहा है कि नेगोशिएटिंग बेसिस पर जमीन की खरीदारी करो, जिससे विरोध भी नहीं होगा और खुशी से लोग अपनी जमीन दे देंगे। इस प्रकार की भूमिका हम इस देश में चालू करना चाहते हैं। यह बात आपने बहुत अच्छी की कि यहां उत्तराखंड में टिहरी में जो काम आपने किया है, सहयोग दिया है, मैंने अभी मालूमात कर ली है कि फर्स्ट यूनिट दिसम्बर, 2010 में आ रही है।

(4d/GS पर क्रमशः)

श्री सुशील कुमार शिन्दे (क्रमागत): और बाकी 2011 में सभी हो जाएगा। टिहरी में पम्प स्टोरेज भी है, उसके बारे में भी अभी सुप्रीम कोर्ट के आर्डर हो गए हैं, उस पर भी चर्चा चल रही है और वह भी जल्दी हो जाएगा। लोहारी नागपाला के लिए जैसा आपके दिल में दर्द है, वैसा ही मेरे दिल में दर्द है, महोदय जी, क्या करें, उस पर 400 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, 500 मेगावाट बिजली वहां पैदा करनी है। कई निवेदन आ चुके हैं, मैं किसी का नाम नहीं लेना चाहता हूं, वहां पर थोड़ा आंदोलन हो गया, तो उन्होंने कहा कि हमें यहां तक पानी चाहिए, तो हमने कहा कि यहां तक क्यों मैं यहां तक देता हूं, मैं गले तक पानी देता हूं, सरल धारा की तरह पानी देता हूं। वे एक बार तैयार हो गए, उनके सिग्नेचर हो गए, मैं परदेश जा रहा था, तो फिर उसके बीच में आंदोलन शुरू हो गया और फिर से काम रुक गया । अभी हमारे सामने दिक्कत यह है कि यदि पूरा काम रोकना है, तो जो टनल पांच-छह किलोमीटर अंदर गए हैं, उनको बंद किया, तो क्या होगा ? हिल की लाइन बहुत सेंसेटिव होती है। हमारे सामने यह दिक्कत की बात है, इसलिए हमने आईआईटी के दो प्रोफेसर्स लगाए हैं - एक दिल्ली के हैं और एक वेस्ट बंगाल के हैं। वे इसको देख रहे हैं कि इन टनल को बंद किया तो क्या हो सकता है और बंद नहीं किया, तो क्या करना चाहिए? हमारी एक ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की कमेटी है, वह भी इसको देख रही है। यदि आप सहयोग दें, जो प्रोजेक्ट चल रहा है, उसके बारे में मदद करें, तो अच्छा रहेगा। हम लोगों के मन में भी गंगा के लिए बहुत श्रद्धा है, सरलता से पानी आने के लिए हम लोग भी सहयोग देने के लिए तैयार हैं। लेकिन गंगोत्री से पानी नीचे आने के लिए हमारा कंस्ट्रक्शन का एक प्रोजेक्ट चल रहा है, इसके बाद हम वहां पर करना नहीं चाहते हैं। जब भावना का सवाल आता है, तब भावना से यह सरकार खेलना नहीं चाहती है। यह हमारी नीति है, प्रधान मंत्री जी की नीति है, हमारी यूपीए की चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी जी की नीति है कि भावना से खेलने का काम नहीं करना है। जिस तरह से हम आत्म-चिंतन कर रहे हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि आप जैसे लोग जिस तरह आंतरिक इच्छा से बोल रहे हैं कि क्या

तकलीफें होती हैं, हमारी नदियां तो सुविधा देने के लिए होती है, यह ठीक है कभी भावना से संबंध होता है, अगर आप इसमें सहयोग देते हैं, तो यह अच्छी तरह से हो जाएगा।

श्री विक्रम वर्मा जी मध्य प्रदेश के बारे में बहुत चिंतित हैं, मैं जब भी उनका भाषण सुनता हूं, तो मैं भी चिंतत हो जाता हूं। वह मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बारे में कहते हैं। मैं हमेशा मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ को मदद देने के लिए तैयार रहता हूं। हमें बिजली सब तरफ से चाहिए। बिजली निर्माण के लिए जहां-जहां भी जरूरत होगी, मैं मदद देने के लिए, सहयोग देने के लिए हमेशा तैयार हूं और इसके लिए आपके दिल में कोई शंका नहीं होनी चाहिए। चक्रवर्ती जी, आप अभी नहीं थे, अभी हमारे खूंटिआ जी कह रहे थे कि करीब दस-पन्द्रह साल से कामगारों का, मजदूरों का प्रश्न निलम्बित था, वह कैसे छोड़ दिया, उसके बारे में उन्होंने बताया था। आप नहीं थे, मुझे तो मालूम नहीं है, आप वह प्रश्न मेरे सामने नहीं लाए, नहीं तो मैं उनको हल करवा देता। अगली बार कभी हो, तो जरूर लाना, मैं आपके साथ हूं। ठीक है, कभी ऐसा हो जाता है, इन्सान को मालूम नहीं होता है कि कौन किस तरह का है ?। remained as Labour Minister, and I was also a part of the Labour Movement...

SHRI S.S. AHLUWALIA: I am still a labourer.

SHRI SUSHILKUMAR SHINDE: I am also still a labourer, and I am producing. You do not have to ask me what!

उपसभापति महोदय, पार्ट बी में जो APDRP की हमारी स्कीम है, फर्स्ट मैंने बेस लाइन के बारे में बोला है, कम्प्युटराइज बेस लाइन कहा है और पार्ट टू में MNO का जो काम हम कर रहे हैं, उसमें हमने यह निर्णय ले लिया है कि जो हिल स्टेशन हैं, जो रिलीजियस प्लेसिस हैं, ऐसी जगहों पर जहां ऊपर से वायरिंग जाती है, हमने सोचा कि यह स्कीम अभी आई है, तो यह ट्रांसमिशन लाइन जमीन के नीचे से क्यों न दी जाए। इस तरह की स्कीम हमने बनाई है और आज मैं अनाउंस करने जा रहा हूं कि हर जगह पर APDRP Part-2 में हमने इस स्कीम को

लागू करना तय किया है और इसके लिए पैसा दिया जाएगा। यह अंडर ग्राउंड वायरिंग के लिए है।(4ई/एएससी पर जारी)

ASC-TDB/4E/6.20

श्री सुशील कुमार शिन्दे (क्रमागत) : हमने यह प्रयोग गोवा में किया है और अब हम यह प्रयोग वहां पर करना चाहेंगे,जहां पर Religious places हैं और tourist places हैं, क्योंकि देखने में अच्छा नहीं लगता है। मैं आज एक दूसरी स्कीम और एनाउंस करना चाहता हूं क्योंकि आप लोग आज दिनभर यहां बैठे हैं। आप सोच रहे होंगे कि हम तो शहर में बैठे हैं और बार-बार बिजली जा रही है। मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि जो हमारा अपना सब-स्टेशन है, उसमें खराबी आ गई थी और उसकी वायर जल गई थी। इसी वजह से यहां पर बिजली में प्रॉब्लम हो रही थी। डिस्ट्रीब्यूशन का वर्क तो भारत सरकार नहीं करती है, बल्कि हर स्टेट करती है, लेकिन अभी यह करेक्ट किया है। सब डीज़ल पर ही चला रहे थे । अब आपको यह सुविधा देना तय किया है। हमने कहा है कि पार्लियामेंट के एरिया में तो यह दिक्कत नहीं होनी चाहिए। हम इसके लिए भी प्रिकॉशन लेंगे।

महोदय, हमारे बहुत से प्रोजेक्ट्स ऐसे होते हैं कि हमारा प्रोजेक्ट एक जगह है और हम उससे बाहर निकलते हैं, तो उससे आधार किलोमीटर या उससे कम किलोमीटर की दूरी पर जाने के बाद अंधेरा ही अंधेरा दिखाई पड़ता है। जहां पर हमारा प्रोजेक्ट है, वहां पर काफी रोशनी होती है, उजाला ही उजाला होता है और वहां से निकलने के बाद अंधेरा ही अंधेरा होता है। इसलिए हमने यह निर्णय भी ले लिया है कि पांच किलोमीटर के periphery में पूरी बिजली दी जाएगी और BPL को फ्री कनेक्शन दिया जाएगा। हम स्टेटों को यह बिजली दे देंगे और उसकी देखभाल उन्हीं को करनी होगी। अभी हमने पांच किलोमीटर की शुरुआत की है। हमें राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतिकरण का टार्गेट भी दिया गया था। मैं आपको बताना चाहता हूं कि BPLमें और राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण में इस साल के लिए जो हमें टार्गेट दिया

गया था, हमने वह क्रॉस कर दिया है। हमने उस टार्गेट से भी ज्यादा पांच परसेंट किया है और मुझे आपको यह बताने में खुशी होती है। अभी तक हमने 78 हजार किया है। यह टोटल 118 है और जो हमारे पास काम बचा है, उस काम को डबल करने के लिए हमने कहा है। उड़ीसा में हमारे कॉरपोरेशन को यह काम दिया था, उन्होंने दूसरे लोगों को दे दिया और वह काम कैंसिल करने के लिए कहा है तथा दूसरों को तुरंत देने के लिए कहा है। उसका जो 18 महीने का पीरियड है, उसे कम करने को कहा है। आप चिंतित न हों, इसलिए मैं आपको यह बता रहा हूं। महोदय, मैंने अपने एक दोस्त से कहा था कि मैं 15 मिनट में खत्म करुंगा, लेकिन यह विषय ऐसा है कि मुझे बोलना पड़ता है। इसलिए मैं यह कह रहा हूं कि ज्यादा नहीं बोलूंगा, लेकिन एक transmission के बारे में बोलूंगा। जो हमारा Power Grid है, आज इस देश में उसका एक अलग नाम हो गया है। अभी तो हमने उस Power Grid की चारों तरफ से connectivity की है। हमने उसको साउथ से वैसे तो किया है। Synchronised power connectivity जिसको बोलते हैं, वह अभी साल डेढ़ साल में साउथ से कर देंगे। यदि उसको एक बार किया तो फिर उसकी power capacity उधर से, उत्तर से दक्षिण, दक्षिण से उत्तर आज भी जाती है, लेकिन उस वक्त फ्लो और जोर से चालू हो जाएगा। हमने इस तरह का एक प्रावधान करने का काम किया है। आपको यह जानकर खुशी होगी कि जब अमेरिका के पावर ग्रिड में प्राब्लम आ गई, तो हमारे पावर ग्रिड के चेयरमैन को वहां पर एडवाइज़ देने के लिए बुलाया था। अभी यह भारत की कैपेसिटी बढ़ी है, इसलिए मैं इस सदन में यह बता रहा हूं।

एक आखिर बात कह कर मैं समाप्त करता हूं। हमारे माननीय प्रधान मंत्री डा. मनमोहन सिंह जी ने civil nuclear power के बारे में सरकार की परवाह न करते हुए, जिस तरह का निर्णय लिया तथा इस देश को clean power देने का जो प्रयास किया है, उसका तो अभी एग्रीमेंट होता आ रहा है, मेरे ख्याल में उस पर साल-डेढ़ साल में काम शुरू होने में दिक्कत नहीं होगी। देश में हम जो climate change की बात कर रहे हैं, जो Civilian

Nuclear Deal हो गई है, उससे भी हमें जल्द से जल्द अच्छी तरह की बिजली मिल जाएगी। आप सब लोग बड़ी इच्छा शक्ति के साथ साथ दे रहे हैं। ...(व्यवधान)..

(4F/LP पर आगे)

-ASC/LP-KGG/6.25/4F

श्री विक्रम वर्मा : उसे एजुकेटिड करने के लिए जो इंजीनियर्स, टेक्नीशियन्स चाहिए, की तैयारी भी अभी से कीजिए, अन्यथा, वह भी अमरीका से बुलाना पड़ेगा, विदेश से लेना पड़ेगा। आप उसके साथ यह भी कार्य करें।

श्री सुशील कुमार शिन्दे : उसकी जरूरत नहीं है। मेरे साथी, चव्हाण जी डिपार्टमेंट देखते हैं, मैंने भी कई प्रोजेक्ट्स पर जाकर देखा है, जब काकोदकर जी थे, अभी नहीं हैं, काकोदकर जी के साथ, जो सवाल आपने किया है, वह मेरे भी दिल में आया था, मैंने भी पूछा था, लेकिन हमारे पास इतने एक्सपर्टाइज लोग हैं, इसलिए चिंता की बात नहीं है। शुरूआत में हमें थोड़ी दिक्कत लगेगी। जैसे बिहार की बात है, बाड का प्रोजेक्ट है, पटना में, बाड का प्रोजेक्ट करीब चार-पांच साल से बंद था, क्योंकि वहां पर एक रशियन मशीनरी Texpro के साथ और एन.डी.पी. के साथ डिस्प्यूट का निर्माण हो गया था। हमने उसका भी समझौता कर दिया है, वहां अभी रशियन टीम गई है और वहां पर टर्बाइन का काम अभी शुरू हो रहा है। चक्रवर्ती जी, मैं कल सुबह वहां साढ़े पांच बजे जाकर विजिट कर रहा हूं। मैं बाड़ जा रहा हूं और यहां मैं पक्का साढ़े ग्यारह बजे आऊंगा। मैं इतनी जल्दी जाकर आऊंगा, क्योंकि उनके साथ यह मसला चार साल से रुका हुआ है। हम जो स्लिप्पेज जैसा बोलते हैं, That project was on Eleventh Plan. But, because of some dispute, we have to undergo such a delay. और मुझे इस बात की खुशी है कि मैं जब भी इस सभाग्रह में आता हूं, अपने डिपार्टमेंट के लिए

एक शक्ति लेकर जाता हूं। आप सभी लोगों ने मेरा जो साथ दिया है, मैं उसका आभारी हूं। चक्रवर्ती जी, मैं शुरूआत में भाषण कर रहा था, I hope you understand Hindi.

SHRI SHYAMAL CHAKRABORTY: Yes, I do. But, please say something about Damodar Valley Corporation.

SHRI SUSHIL KUMAR SHINDE: Yes, I will tell you about it. It is good that you have reminded me. I personally went three times to Damodar Valley. I have visited and I have laid the foundation stone.

SHRI SHYAMAL CHAKRABORTY: Please meet the affected people.

SHRI SUSHIL KUMAR SHINDE: You see, there are disputes. I have been asking a second office in Jharkhand. I have laid the foundation stone. But, the land is not being given there. So, you have to help me to speed up the work.

SHRI SHYAMAL CHAKRABORTY: We are ready to help you, Sir. With regard to West Bengal, I would request the Chief Minister.

SHRI SUSHIL KUMAR SHINDE: When you talk of Damodar Valley, it comes under West Bangal and Jharkhand.

श्री एस.एस.अहलुवालिया : वह वैली झारखंड में है।

श्री सुशील कुमार शिन्दे : वे बोल रहे हैं कि नहीं है।

श्री एस.एस. अहलुवालिया : बराकर और मैथान के बॉर्डर पर वह है।

श्री सुशील कुमार शिन्दे : आप दोनों तय कीजिए, अपना तो कुछ नहीं है।

श्री एस.एस. अहलुवालिया : सर, वह झारखंड के किनारे पर है, उसका हिस्सा है। हम लोग दामोदर के किनारे पले-बढ़े हैं।

SHRI SUSHIL KUMAR SHINDE: Tamil Nadu is doing good और मुझे तमिलनाडु का भी अभिनन्दन करना होगा। उपसभापति जी, बहुत दिनों से यू.एम.पी.पी. अल्ट्रा मेगा पावर

प्रोजेक्ट रुका हुआ था, अभी आपने चैन्नोर (?) में जगह दे दी है, थोड़ी सी प्रॉब्लम है, वह भी दूर हो जाएगी। उपसभाति जी, कितने काम हैं, मैं आपको बताऊं कि हम लोग भारत में तो काम कर ही रहे हैं, साथ ही साथ परदेस में भी पावर ग्रिड काम कर रहा है, एन.टी.पी.सी. काम कर रहा है। कहीं श्रीलंका में काम कर रहे हैं, तो कहीं साउथ अफ्रीका में काम कर रहे हैं। भारत के विंग बहुत दूर-दूर जा रहे हैं, आपको इसका भी अभिनन्दन करना होगा। अभी हमारे साथ बहुत अच्छा बोल रहे थे कि हम एक दिन कामयाब होंगे, इसी पांच साल में हम कामयाब होंगे। हम सभी मिलकर बोलेंगे कि भारत एक बहुत ताकतवर देश है और उसके साथ हम पावर लेकर चलेंगे। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आप सबका धन्यवाद करता हूं। जय हिन्द।

(समाप्त)

श्री राजनीति प्रसाद : उपसभापति जी..(व्यवधान)..

श्री उपसभापति : अभी छोड़िए, आज इतना ही, इतने विस्तार से इतना अच्छा रिप्लाई दिया है। The House is adjourned to meet at 11 a.m. tomorrow.

The House then adjourned at thirty minutes past six of the clock till eleven of the clock on Tuesday, 20th April, 2010.